


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 18 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-171 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आतिशी के माता-पिता के थे एसएआर गिलानी से संबंध:स्वाति

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता पर अफ़ज़ल गुरु से संबंध होने का आरोप लगाने के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया कि आतिशी के माता-पिता के एसएआर गिलानी से घनिष्ठ संबंध थे, जो 2001 के संसद हमले के मामले में आरोपी था। हालांकि



बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। स्वाति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आतिशी मर्लेना के माता पिता के एसएआर गिलानी के साथ गहरे संबंध थे। राज्यसभा सांसद ने कहा कि गिलानी पे आरोप थे कि संसद पे हमले में उनका भी हाथ था। 2016 में उन्होंने अफ़ज़ल गुरु की याद में दिल्ली के प्रेस क्लब में एक प्रोग्राम किया था। उस प्रोग्राम में आतिशी मर्लेना के माता पिता स्टेज पे गिलानी के साथ थे। इस प्रोग्राम में नारे लगाये गये थे - एक अफ़ज़ल मरोगे तो लाखों पैदा होंगे। भगवान दिल्ली की रक्षा करें! इससे एक दिन पहले स्वाति ने दावा किया था कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री चुनी गईं आप नेता आतिशी एक 'कठपुतली' मुख्यमंत्री होंगी। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप आदमी पार्टी (आप) नेता दिलीप पांडे ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल को थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें उच्च सदन की सीट छोड़ देनी चाहिए।

### पट्टा वितरण में अनियमितता सरपंच निलंबित

**अभनपुर,18 सितंबर।** ग्राम नवागांव के सरपंच भागवत साहू को आबादी पट्टा वितरण में भारी अनियमितता पाए जाने के चलते निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई का आदेश अभनपुर के एसडीएम रवि सिंह ने जारी किया। भागवत साहू, जो कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं में माने जाते हैं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी भी हैं। पिछले वर्ष, राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान, भागवत साहू और राहुल गांधी का एक साथ भोजन करते हुए एक फोटो वायरल हुआ था, जिसने मीडिया में काफी ध्यान आकर्षित किया था। सरपंच के निलंबन से स्थानीय राजनीति में हलचल मच गई है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### आरएसएस समन्वय बैठक में भविष्य के कार्यों पर होगी चर्चा

**रायपुर,18 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बहुत आगे की सोचकर बैठक हो रही है. इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. बहुत से कार्य विभाजन हुए हैं, सामाजिक कार्यों का विभाजन हुआ है, इन सब पर चर्चा होगी. इसके अलावा आगे के कार्यों की तैयारियों पर भी बात होगी. रोहिणीपुरम शिक्षण संस्थान में आयोजित आरएसएस की समन्वय बैठक में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में निगम मंडल की नियुक्ति पर कहा कि निगम मंडल बाद का विषय है. पहले प्राधिकरण पर सीएम चिंता कर रहे हैं. जल्द इस पर निर्णय होगा. वहीं नवरात्र के पहले जारी होने के सवाल पर कहा कि नवरात्र तो अभी दूर है. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के अलावा वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा में शामिल होने पहुंचे हैं. आरएसएस के प्रमुख पदाधिकारी के साथ हो रही बैठक में निकाय चुनाव, सदस्यता अभियान, सेवा पखवाड़ा समेत अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा.



# जम्मू-कश्मीर में गिरी वोटों की बर्फ

### 24 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 11% मतदान

**श्रीनगर,18 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में आज 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर वोटिंग सुबह 7 बजे से जारी है। चुनाव आयोग ऑफ इंडिया के मुताबिक जम्मू-कश्मीर की 24 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 11त्न मतदान हो चुके हैं। सबसे ज्यादा किश्तवाड़ 14.83% मतदान हुआ, जबकि सबसे कम पुलवामा में 9.18% वोट डाले जा चुके हैं। बता दें कि पहले फेज में 23.27 लाख मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। वहीं अलग-अलग राज्यों में रह रहे 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडित भी वोट डाल रहे हैं। पहले फेज में 219 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 9 महिलाएं और 92 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। 110 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं, जबकि 36 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

# चांदी के आभूषण बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

### चार मंजिला बिल्डिंग में फंसे 3 लोगों का किया रेस्क्यू

दुर्ग,18 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़





जिले में चांदी के आभूषण बनाने वाली फैक्ट्री में बीती देर रात आग लग गई. आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री के चार मंजिला घर में काम कर रहे तीन लोग अंदर ही फंस गए. घटना की सूचना मिलने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. बताया जा रहा है कि आगजनी की घटना चार्ज में लगे इलेक्ट्रिक स्कूटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से की है. दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि देर रात उन्हें सूचना मिली कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गवली पारा स्थित सोने चांदी की फैकट्री में लगी भीषण आग लग गई है. उस फैक्ट्री को चार मंजिला एक घर में संचालित किया जा रहा था. आग पहले माले में लगने के बाद दूसरे माले तक पहुंच गई थी. अग्निशमन विभाग के जवानों ने फायर ब्रिग्रेड से पानी और फोम की बौछार मारकर कई घंटे बाद आग पर काबू पाया. आग से कितना नुकसान हुआ है. इसका पता नहीं चल पाया है. फैक्ट्री संचालक ने अभी तक मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई है और ना ही ये बताया है कि उसका कितना नुकसान हुआ है. आग बुझाने के लिए पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने छत पर लगे शेड को तोड़ा और वहां से बिल्डिंग के अंदर घुसे. इसके बाद दूसरी मंजिल पर फंसे दो पुरुष और एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाला. अगर उन्हें निकालने और आग बुझाने में थोड़ी भी देर होती तो जनहानि हो सकती थी. आग लगने से पूरी बिल्डिंग में धुंआ ही धुंआ भर गया था. जिस फैक्ट्री में आग लगी है वो चार मंजिला घर है. बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में ईवी स्कूटर को चार्जिंग पर लगाया गया था. इस दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और स्कूटर में आग लग गई. यहां से आग धीरे-धीरे पूरी बिल्डिंग में पहुंच गई.

### बोलेरो पेड़ से टकराया,6 घायल

**रायपुर,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तहसील अभनपुर के कठिया मोड़ के आगे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अभनपुर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। इस कार्य में 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। अभनपुर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने स्थानीय समुदाय में चिंता बढ़ा दी है।

# केवल दस्तावेज में नाम अलग होने पर किसी को पेंशन से वंचित नहीं कर सकते : हाईकोर्ट

**बिलासपुर,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल इस आधार पर मृत कर्मचारी की विधवा को पेंशन व अन्य लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता कि दस्तावेज में उनका नाम अलग-अलग है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि, मृतक एसईसीएल कर्मचारी की पत्नी को सेवानिवृत्ति बकाया राशि का भुगतान, आदेश की प्रति मिलने से 60 दिन के भीतर करना होगा। कोर्ट ने एसईसीएल के अफसरों को यह भी निर्देशित किया है कि, तय समय मे भुगतान ना करने पर रिट याचिका के दाखिल होने की तिथि से 11 अप्रैल 2023 तक कुल राशि का 6 फीसद ब्याज की दर से भुगतान करना पड़ेगा। कोर्ट ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। यही कारण है कि एसईसीएल के अफसरों को सशर्त आदेश जारी किया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि, प्रमुख पक्षकारों के बीच अगर किसी तरह की बात हो तो उसे तय अवधि के भीतर पूरा कर लिया जाए। मतलब यह कि याचिकाकर्ता को भुगतान करने में किसी तरह का अड़चन ना आए व तय अवधि में राशि मिल जाए। सुखमनिया उर्फ सुखानी ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बताया है कि उनके पति स्व. लक्ष्मण गायत्री माइंस विश्रामपुर एसईसीएल में हैमरमैन के तौर पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान 30 सितंबर 2019 को उनका निधन हो गया। वह और उनके बेटे ने अनुकम्पा नियुक्ति और लंबित देयकों के भुगतान के लिए एसईसीएल प्रबंधन के समक्ष आवेदन दिया था। एसईसीएल प्रबंधन ने दस्तावेजों में अलग-अलग नाम दर्ज होने के कारण भुगतान नहीं करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने अपने नाम की समुचित घोषणा के लिए सिविल जज सूरजपुर के कोर्ट में सिविल परिवाद दायर किया। सिविल जज ने 12 अगस्त 2022 को याचिकाकर्ता पक्ष में डिक्री पारित कर दी। इस बीच याचिकाकर्ता के बेटे अलोक को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच में हुई। एसईसीएल ने कोर्ट को बताया कि, सीएमपीएफ कमिश्नर जबलपुर को प्रकरण भेज दिया था।

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसईसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया कि, सेवानिवृत्ति की बकाया राशि इस आदेश की कापी मिलने की तिथि से 60 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को समस्त देयकों का भुगतान कर दी जाए। निर्धारित तिथि तक भुगतान ना करने की स्थिति में रिट याचिका दाखिल होने की तिथि से 11 अप्रैल 2023 तक छह फीसद ब्याज के साथ याचिकाकर्ता को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

# वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी

### शीतकालीन सत्र में बिल लेकर आएगी सरकार

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही खबर यह भी है कि शीतकालीन सत्र के दौरान इसको लेकर सरकार एक विधेयक पेश करेगी। आपको बता दें कि सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल थे। अब रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि 2029 तक सरकार और देश वन नेशन वन इलेक्शन कर बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव की वकालत करते हुए तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा करते हैं। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का जिक्र करते हुए कहा कि इस बारे में देश में व्यापक चर्चा हुई है, सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं और इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार की है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले से देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं, देश के संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की प्रगति के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं।



### राहुल गांधी के खिलाफ बयान पर बवाल

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया जो लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। आपको बता दें कि हाल में अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल ने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिससे सिसायी बवाल शुरू हो गया। पलटवार में भाजपा और एनडीए के नेताओं की ओर से भी बयान दिए है। कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि हम राहुल गांधी के रास्ते पर चलते हुए संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हम बीजेपी से नहीं डरते। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में खड़ा है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ विजयवाड़ा में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता अजय माकन ने विपक्ष

# ईडी का डर दिखाकर रिटायर्ड अधिकारी से 54 लाख की ठगी

बिलासपुर,18 सितंबर■ तरुण छत्तीसगढ़

रेंज साइबर थाना पुलिस की टीम ने अज्ञेय नगर में रहने वाले अधिकारी को ईडी का डर दिखाकर 54 लाख की धोखाधड़ी करने वाले तीन युवकों को राजस्थान और हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपित के मोबाइल को जब्त कर जांच की जा रही है। इससे और भी धोखाधड़ी के मामले सामने आने की आशंका है। सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र के अज्ञेय नगर में रहने वाले जयसिंह चंदेल(71) रिटायर्ड अधिकारी हैं। उनके मोबाइल पर 24 जून को अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने रिटायर्ड अधिकारी को अपने मोबाइल से पोर्न वीडियो अपलोड करने की बात कही। साथ ही एक एफआइआर की कापी भेजी। इसमें दर्ज मोबाइल नंबर रिटायर्ड अधिकारी का नहीं था। इस पर जालसाजों ने उनके आधार कार्ड नंबर भी बताया। रिटायर्ड अधिकारी ने इस मामले में शामिल नहीं होने की बात कही। इस पर जालसाजों ने उन्हें मामले की जांच मुंबई पुलिस और ईडी द्वारा करने की बात कही। उन्होंने मामले से नाम हटाने के लिए रिटायर्ड अधिकारी से रुपये मांगे। जालसाजों की धमकियों से डरे अधिकारी ने जालसाजों की बात में आकर अलग-अलग बैंक खातों में 54 लाख रुपये जमा करा दिए। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी अपने बेटे को दी। बेटे से उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की शिकायत रेंज साइबर थाने में की। इस पर पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी। साइबर सेल की जांच में पता चला कि आरोपित राजस्थान और हरियाणा के रहने वाले हैं। इस पर पुलिस की टीम को राजस्थान और हरियाणा रवाना किया गया। जवानों ने मामले में शामिल विजय(29) निवासी ढ़ाणी शेरावाली थाना ऐलनाबाद जिला सिरसा हरियाणा, अमित जालप(23) निवासी शादुलशहर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान और निखिल सैनी(18) निवासी सरस्वती नगर श्रीगंगानगर राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अलग-अलग लोगों के नाम पर लिए मोबाइल नंबर और उनके खातों का उपयोग करना बताया। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पकड़े गए आरोपित शातिर किस्म के हैं। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए दूसरे लोगों के नाम पर मोबाइल सिम लिया था। इसके अलावा उन्होंने ठगी की रकम को दूसरों के बैंक खातों में मंगाया था, जिसका एटीएम उनके पास था। इसके माध्यम से उन्होंने ठगी की रकम निकालकर खर्च कर दी थी। इसके अलावा आरोपित पुलिस से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। इधर पुलिस की टीम साइबर सेल के सहारे आरोपित पर नजर रखे हुए थी। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ठगी की रकम को जब्त करने आरोपित के बैंक डिटेल की जानकारी जुटा रही है।



# प्लांट में मजदूर की रस्सी से लटकी मिली लाश



**बलौदाबाजार,18 सितंबर।** जिले से हिरमी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूरों के विश्राम गृह के पास एक मजदूर की लटकी हुई लाश मिली है. इस घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया. वहीं सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही मजदूर की लाश को रस्सी काटकर हटा दिया गया था.घटना के बाद से मजदूरों में आक्रोश फैल गया है और मजदूर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. घटना की सूचना पर सुहेला पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कार्रवाई में जुट गई है. नाम न छापने की शर्त पर मजदूरों ने मीडिया को बताया कि जब भी कंपनी में कोई घटना होती है तो कंपनी अक्सर उसे दबाने की कोशिश करती है और मजदूरों पर दबाव बनाती है. साथ ही नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दी जाती है, जिससे मजदूर भयभीत रहते हैं. आज की घटना में भी यही हुआ है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने के पहले ही रस्सी से लटकी मजदूर की लाश को नीचे उतारकर वहां से हटा दिया गया था. घटना के बाद सुहेला थाना पुलिस समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. वहीं पुलिस मजदूरों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है. घटना के संबंध में एसडीओपी भाटापारा एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि घटना हुई है पुलिस जांच में जुटी है. घटना का कारण अभी अज्ञात है. पंचनामा कार्रवाई की जा रही है. घटना के कारण की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही सामने आएगी.

# गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी,ग्रामीणों में आक्रोश

**बलरामपुर,18 सितंबर।** जिले के आरा गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी की घटना हुई, जिसमें में एक 15 वर्षीय लड़की को गंभीर चोट आई है. घटना के बाद से गांव में तनाव फैल गया. पुलिस ने हालात को देखते हुए चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार, आरा गांव में गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान अचानक हिंसा भड़क उठी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. वहीं पत्थरबाजी के दौरान शीला यादव नामक युवती के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसकी स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है. घटना के बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण बारियों पुलिस चौकी पहुंच गए. मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है और घटना की जांच कर रही है. माहौल को शांत रखने के लिए राजपुर पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाली बारियों चौकी की पुलिस ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है. स्थानीय प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है.

# दो बदमाशों का सिर मुंडवा कर पुलिस ने निकाला जुलूस

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,18 सितंबर।** वैशाली नगर पुलिस ने आज दो बदमाशों का सिर मुंडवा कर जुलूस निकाला। इस दौरान दोनों बदमाशों से अपराध करना पाप है पुलिस हमारा बाप है का नारा लगवाया गया। इन बदमाशों ने गणेश पंडाल में शराब पीने से मना करने पर एक युवक को कटर से वार कर बुरी तरीके से घायल कर दिया था। घटना 15 सितंबर की रात का है। राम नगर में बघवा मंदिर परदेशी चौक के गणेश पंडाल के पास युसूफ खान और संजु यादव शराब पी रहे थे। मोहल्ले का ही युवक हर्ष ताम्रकार ने गणेश पंडाल के पास शराब पीने से मना किया। इस पर नाराजगी जताते हुए यूसुफ और संजु देख लेने की धमकी देकर वहां से चले गए बताया जा रहा है कि थोड़ी देर बाद युसूफ और संजु अपने कुछ बदमाश साथियों के साथ फिर पहुंचे और गणेश पूजा पंडाल के पास खड़े हर्ष ताम्रकार से झगड़ा करने लगे। हर्ष ने जब यूसुफ और संजू को कहा कि वह लोग मोहल्ले के ही हैं। गाली गलौज करोगे तो ठीक नहीं होगा। इस पर संजू उसे पीटने लगा। वहीं यूसुफ ने अपनी जेब से ब्लेडनुमा कटर निकाला और हर्ष पर वार कर दिया। इस घटना में हर्ष के चेहरे, सीने, हाथ और पेट के पास चोंट आई है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि घटना के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखने पर आरोपियों की पहचान हुई। आरोपियों का लोकेशन जगदलपुर में मिलने पर पुलिस टीम भेजकर दबोच लिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 118(1), 118(2), 109, 3(5) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है



# सिंधु जल समझौते में बदलाव हो: भारत

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** भारत ने सिंधु जल समझौते में बदलाव की मांग की है। इस संबंध में भारत की ओर से एक औपचारिक नोटिस पाकिस्तान को 30 अगस्त को भेजा गया है। दोनों देशों के बीच 1960 में इस संबंध में सिंधु एवं अन्य 5 नदियों के जल के इस्तेमाल को लेकर समझौता किया गया था। सिंधु जल समझौते के आर्टिकल XII (3) के अनुसार इसके प्रावधानों में समय-समय पर बदलाव किए जा सकते हैं ताकि दोनों देशों के हितों की पूर्ति की जा सके। भारत ने 1960 के समझौते में बदलावों की मांग को लेकर कुछ तर्क भी दिए हैं कि आखिर क्यों इसकी जरूरत है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार भारत सरकार की ओर से कहा गया है कि 1960 से अब तक परिस्थितियां काफी बदल गई हैं। ऐसी स्थिति में सिंधु जल समझौते की शर्तों में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। इसके लिए खासतौर पर तीन कारण गिनाते हुए भारत ने कहा कि 1960 में तय की गई शर्तों का अब कोई आधार नहीं बचता है। तब से अब तक चीजों में काफी परिवर्तन आ गया है। पहला कारण यह बताया गया है कि जनसांख्यिकी में परिवर्तन हुआ है। इसके चलते पानी के कृषि एवं अन्य चीजों में इस्तेमाल में भी परिवर्तन आया है। इसके अलावा भारत हानिकारक गैस उत्सर्जन को खत्म कर क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ना चाहता है। इसके लिए यह जरूरी है कि सिंध जल समझौते के अनुसार नदियों के जल पर अधिकारों को एक बार फिर से तय किया जाए। इसके अलावा तीसरा कारण बताया गया है कि सीमा पार आतंकवाद के चलते इस समझौते पर अच्छे से अमल नहीं हो पा रहा है। इससे भारत अपने अधिकारों का पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं कर पा रहा। भारत की चिंता किशनगंगा और रैटल हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को लेकर पाकिस्तान के रवैये पर भी है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान ने इन प्रोजेक्ट्स को बाधाएं उत्पन्न की हैं, जबकि भारत ने हमेशा जल समझौते को लेकर उदार रवैया अपनाया है। दरअसल सिंधु जल समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 6 नदियों के जल के बंटवारे को लेकर है, जिन्हें सिंधु नदी तंत्र का हिस्सा माना जाता है। इस समझौते पर 19 सितंबर, 1960 को कराची में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में मध्यस्थ की भूमिका वर्ल्ड बैंक ने की थी। इस समौझेत के तहत पूर्वी नदियां कहलाने वालीं रावी, सतलुज और ब्यास का पानी भारत को मिला और पश्चिमी नदियां यानी सिंधु, झेलम और चिनाब के जल के प्रयोग का अधिकार पाकिस्तान को दिया गया। भारत को पश्चिमी नदियों पर परियोजनाओं के निर्माण की भी मंजूरी मिली थी। इस समझौते पर अमल की निगरानी के लिए सिंधु जल आयोग का भी गठन हुआ था, जिसकी मीटिंग हर साल होती है।



# नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार राष्ट्रव्यापी अभियान से जुड़ रहे लोग

**भिलाई, 18 सितंबर।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के महिला विंग की ओर से चलाये रहे नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार का राष्ट्रव्यापी अभियान भिलाई-दुर्ग में भी जोर-शोर से चल रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना और उन्हें यह बताना है कि सच्ची स्वतंत्रता क्या है और इसे नैतिकता से कैसे जोड़ा जाए। महिला विंग की अध्यक्ष रेहाना परवीन के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान को लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है और हर वर्ग के लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता न्याज़ अहमद एवं के. वी. मोहम्मद के साथ अन्य लोग भी नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार के इस राष्ट्रव्यापी अभियान को परवान चढ़ा रहे हैं। न्याज़ अहमद ने कहा है कि वास्तव में देखा जाए तो कोई व्यक्ति केवल नैतिक मूल्यों का अनुसरण करके ही वास्तविक जीवन और स्थायी स्वतंत्रता प्राप्त कर




सकता है। स्वतंत्रता, शब्द सुनते ही मनुष्य की अंतर आत्मा सुखद अनुभूति से भर जाती है। खुली हवा में साँस लेने का सुखद एहसास मनुष्य को आंतरिक शक्ति से भर देता है। किन्तु आज के वातावरण में आज की सामाजिक स्थिति को देखते हुए क्या हम कह सकते हैं कि हम स्वतंत्र हैं ? या स्वतंत्रता का सुखद एहसास मन को शांति पहुंचा सकता है जो वास्तविक स्वतंत्र होने पर होता है ? न्याज अहमद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से अब तक समाज में जो अनैतिकता की घटनाएं घटित हो रही हैं जिन्होंने मनुष्य की मनुष्यता को छीन कर दरिंदगी का रूप धारण कर लिए जिससे आज के समय में स्वतंत्रता के वास्तविक मायनों में परिवर्तन आ गया है। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद भिलाई के अध्यक्ष के वी मोहम्मद ने देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति सामाजिक असमानताएं, पूर्वाग्रह और भेदभाव की स्थिति को और भी जटिल बना दिया है। महिलाओं की सुरक्षा का सवाल खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध साल दर साल बढ़ रहे हैं। महिला विंग की अध्यक्ष रेहाना परवीन ने कहा कि नैतिकता ही स्वतंत्रता अभियान का प्रमुख उद्देश्य जाति, समुदाय, रंग और नस्ल, लिंग, धर्म और क्षेत्र के भेदभाव के बिना सभी के लिए बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और बुनियादी अधिकारों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान राष्ट्रीय, राज्य, जिला और जमीनी स्तर पर शिक्षाविदों, परामर्शदाताओं, वकीलों, धार्मिक विद्वानों और सामुदायिक नेताओं को शामिल करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों और युवाओं को सच्ची स्वतंत्रता और नैतिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए कैंप-2 नियाज अहमद के निवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे नैतिक मूल्यों पर सार्वजनिक चर्चा के लिए विषय विशेषज्ञ शामिल हुए।

## एक नजर

### कर्मचारी का सिर फोड़ा, जुर्म दर्ज

**भिलाई,18 सितंबर।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत शराब दुकान के आहता में नशे में पड़े एक युवक को आहता कर्मचारी ने उठाकर पानी पिलाया और घर जाने की सलाह दी तो वह गुस्से में कर्मचारी को न सिर्फ गाली दी बल्कि पार्किंग टाइल्स से मार उसका सिर फोड़ दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में बीएनएस की धारा 115, 296 तथा 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है नेवई पुलिस ने बताया कि शुभम शर्मा (28वर्ष) निवासी टंकी मरोदा शराब दुकान के पास आहता में काम करता है उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नारायण प्रसाद बघेल आहता दुकान के सामने शराब के नशे में सोया था। उसके मुंह से झाग आ रहा था। शुभम ने उसे उठाया और पानी पिलाने के बाद सलाह दी कि नशा ज्यादा हो गया है वह अपने घर चले जाए इतना सुनते ही नारायण प्रसाद बघेल उसे गाली देने लगा शुभम ने जब मना किया तो जान से मार दूंगा कहते हुए नारायण ने पार्किंग टाइल्स उठा शुभम के सिर पर मार दिया लहूलुहान शुभम को कंपनी एवं शराब दुकान के गार्ड ने बीच-बचाव कर अस्पताल पहुंचाया।

### पुलिस ने मवेशी तस्कर को पकड़ा



**भिलाई,18 सितंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र मवेशी तस्करी करने वालों के खिलाफ जारी कार्रवाई के क्रम में जामुल पुलिस ने एक और मवेशी तस्कर को गोकुल नगर के पास से गिरफ्तार किया आरोपित मोहम्मद इंतिजार पांच भैंस को कत्लखाने लेकर जा रहा था रास्ते में आरोपित और भी मवेशी खरीदने वाला था इसके लिए उसने अपने पास 25 हजार रुपये रखे थे पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि गोकुल नगर कुरुद बस्ती की ओर से आ रहे एक मेटाडोर सीजी-07 सीएन 2670 को मुन्ना कुरैशी की खटाल के सामने रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें से पांच भैंस मिली सभी को बिना चारा-पानी ठूंस-ठूंसकर रखा गया था पुलिस ने वाहन चला रहे आरोपित मोहम्मदै इंतिजार (33 साल ) निवासी ग्राम बना थाना आदर्श मंडी जिला मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपित वर्तमान में इसरार डेयरी गोकुल नगर कुरुद में रह रहा था और यहीं रहकर मवेशी तस्करी का काम कर रहा था। पूछताछ में आरोपित ने पांचों मवेशियों को कत्लखाने ले जाने की बात स्वीकार की आरोपित ने मवेशी किससे खरीदा था और कितने दिन से इस कारोबार में लिप्त है पुलिस इसकी जांच कर रही है पुलिस ने गोकुल नगर के पास से आरोपित को पकड़ा भेजा जेल रास्ते में और मवेशी खरीदने के लिए आरोपित ने रखे थे ।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ सांसद ने किया

**भिलाई, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



के जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का फीता काटकर विजय बघेल सांसद ने 17 सितंबर को सेक्टर 6 में उद्घाटन किया। संचालक अशोक जैन ने बताया कि देश भर में अनेकों जगह पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ हुआ है। देश के हर नागरिक को स्वास्थ्य लाभ मिलता रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सन 2027 तक देश भर में और 25 हजार प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत दो हजार सैंतालीस दवाओं और तीन सौ से ज्यादा सर्जिकल और चिकित्सा उपयोगी सामग्रियों को सरलता से उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जेनेरिक दवाइयां ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक कम दाम पर मिलेगी। इसका खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए विशेष रूप से फायदेमंद सिद्ध होगा।

### ललित कला अकादमी का रीजनल सेंटर शीघ्र खुलने की जानकारी दी

**भिलाई, 18 सितंबर।** केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के सामने सांसद विजय बघेल एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई मे शीघ्र ही ललित कला अकादमी के रीजनल सेंटर खोलने की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ी कला जगत के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अति महत्वपूर्ण कदम उठाये जाने पर इस्पात मंत्री ने राज्य के कलाकारो को अग्रिम शुभकामनाये दीं और कहा कि वे इस दिशा मे हरसंभव मदद करेंगे। मुलाकात के दौरान सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन, संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष कीर्ति व्यास, मंत्री हेमंत सगदेव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रोशन ताम्रकार तथा लिलेश उपस्थित थे।

## निधन

### शंकर लाल गुप्ता



**भिलाई, 18 सितंबर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के ससुर एवम बीएसपी के पूर्व वरिष्ट शिक्षा अधिकारी साहित्यकार शंकर लाल गुप्ता (कक्कू जी) का 93 साल की उम्र में सेक्टर-9 हॉस्पिटल में इलाज़ के दौरान निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा 18 सितम्बर को उनके निज निवास केलाबाड़ी दुर्ग से निकाली गई और जो शिवनाथ नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके परिवार में उनके पीछे 3 बेटियां और 2 बेटे श्रीमती गीता बिचपुरिया, श्रीमती रूपा गुप्ता, सतीश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता और श्रीमती रेखा गुप्ता हैं।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री कुमारस्वामी ने किया भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा



**भिलाई, 18 सितंबर।** केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया तथा विश्वकर्मा पूजा में सम्मिलित हुए। संयंत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। मंत्री कुमारस्वामी ने प्रमुख उत्पादन इकाइयों में आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर सभी कर्मचारियों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी। यूनिवर्सल रेल मिल में उनके साथ लोकसभा सांसद विजय बघेल भी पूजा में सम्मिलित हुए। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित बैठक में संयंत्र में इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में बीएसपी के उत्पादों का अनुप्रयोग, सीएसआर एवं मानव संसाधन विकास पहल, कर्मचारी सहभागिता पहल सहित अन्य क्षेत्रों में बीएसपी के प्रदर्शन पर केन्द्रित एक प्रस्तुति दी। जिसके उपरांत केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, तथा सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्तमान में उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। एच डी कुमारस्वामी ने वरिष्ठ प्रबंधन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस्पात उत्पादन में संयंत्र के सराहनीय प्रदर्शन के साथ-साथ उत्पाद और सामाजिक क्षेत्र में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हासिल की गई प्रगति को देखकर संतुष्ट हूं। बीएसपी न केवल उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात का उत्पादन कर रहा है, बल्कि राष्ट्र और पूरे छत्तीसगढ़ क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अध्यक्ष स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड अमरेंदु प्रकाश ने केंद्रीय मंत्री को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी सर्किलों में बीएसपी कर्मचारियों द्वारा जीते गए पुरस्कार और उपलब्धियों से अवगत कराया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रारंभ किया गया सेफ्टी सर्किल भी क्वालिटी सर्किल के अनुरूप कुशलतापूर्वक कार्य कर रहा हैं। केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल जिला भिलाई द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसी संदर्भ में आज हुडको गणेश मंदिर के पास में सेवा पखवाड़ा समिति के संयोजक नवनीत हरदेल, सदस्य सरोज तहनगुरिया सोनाली सिगने, सुधीर गड़ेवाल एवं मंडल के उपाध्यक्ष दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी महेंद्र यादव, नगर निगम जोन स्वास्थ्य अधिकारी बी.सैमुअल एवं कर्मचारी की उपस्थिति में हुडको की जलाशय की सफाई की गई। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम समिति के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



**कवर्धा।** पोड़ी बस स्टॉप पर कब बनेगा यात्री प्रतीक्षालय



**कवर्धा।** जिला पीएचई आफिस में श्री विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति विराजित

### स्वच्छता के लिए रैली निकाली, शपथ ली, पौधे भी लगाए



**जामुल।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल में प्रथम दिवस आम जन भागीदारी के तहत रैली निकाला गया । उसके बाद स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहने शपथ दिलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर नगर को हमेशा साफ रखने संदेश दिया गया । तत्पश्चात नगर पालिक अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तालाब में सफाई कार्य करके श्रम दान किया गया । शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षद गण खम्हन ठाकुर, राम दुलार साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय, सहायक अभियंता सी.बी. परगनिहा, उप अभियंता गण विनोद कनौजिया, के.एन. ताम्रकार, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, उप निरीक्षक हिम्मत मंडावी, पुनीत वर्मा, रामू देवांगन, आशा जंघेल, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा, रवि चौहान, चुम्मन यादव सहित भारी संख्या में आम जन एवं स्व सहायता समूह की महिलाये उपस्थित थी ।

### हौसला अफजाई से खिल उठे बच्चों के चेहरे

**भिलाई, 18 सितंबर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में अल मदद वेलफेयर सोसाइटी ने सेक्टर-7 में एक आयोजन बच्चों की हौसला अफजाई के लिए रखा। मुख्य अतिथि पार्षद लक्ष्मीपति राजू थे। इस दौरान पिछले दिनों हुए नात शरीफ में बेहतरीन नात पेश करने वाले, 10 वीं व 12 वीं उच्च अंक हासिल करने व अन्य उपलब्धि हासिल करने वाले तथा मदरसों के बच्चों को सम्मानित किया गया।



# केन्द्रीय इस्पात मंत्री के साथ सेल चेयरमैन ने किया श्रमदान



**भिलाई, 18 सितंबर।** इस्पात मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री (भारी उद्योग एवं इस्पात) एवं सेल चेयरमेन के हाथों श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र से की। कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल में सफाई हेतु श्रमदान किया। केंद्रीय इस्पात मंत्री कुमारस्वामी, सेल अध्यक्ष एवं सेल बीएसपी के निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन में स्वच्छता शपथ ली। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में 17 सितम्बर को उत्साह और धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा संपन्न हुई। पूजा के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल में केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए।



### महिलाओं ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया

**कवर्धा।** प्रोफेसर कालोनी की महिलाओं द्वारा गणेश भगवान की मूर्ति को लालपुर नदी में विसर्जित किया गया । । महिलाओं ने एक स्वर में कहा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना ।





### कवर्धा में विश्वकर्मा पूजा की धूम रही

**कवर्धा।** कवर्धा नगरपालिका में विश्वकर्मा भगवान और पीएमजीएसवाय आफिस के प्रांगण में चलित प्रयोगशाला मोबाइल वैन और लेब की पूजा कर विश्वकर्मा भगवान की पूजा की ।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत भेलवा तालाब से की गई



**भिलाई, 18 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई। भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सब के सहयोग से किया जा रहा है। सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस एन राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवई, निगम भिलाई अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नेहरू नगर चौक स्थित भेलवा तालाब पर किया गया। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन 01 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ही सेवा शपथ लिया गया। सभी ने संकल्प लिया हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी कम से कम 100 लोगों से और करने के लिए प्रेरित करेंगे । फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफ सफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया कि स्वच्छता सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं सफाई रखना है। हमारी दादी नानी रोज सुबह घर के अंदर बाहर झाड़ू लगाकर गोबर लीप करके साफ-साफ सफाई करते थे। आज भी करते हैं। लेकिन कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं। यही भर नहीं करना है । कलेक्टर ऋचा प्रकाश ने कहा कि नागरिक बस इतना करें घर से गीला और सूखा कचरा अलग करके सफाई मित्रों को दें, यह सबसे बड़ा सहयोग होगा। सब लोगों ने मिलकर स्वच्छता संदेश पर हस्ताक्षर किए। एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई, जो नेहरू नगर जोन कार्यालय से शुरू होकर केपीएस चौक होते हुए बेलवा तालाब में समापन हुआ।





### विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई

**कवर्धा।** 17 सितंबर और आज भी सुबह सुबह विश्वकर्मा की पूजा की गई । अगरबत्ती जलाकर और नारियल , सेव , केला और मिठाई चढ़ाकर पूजा की ।

# रिसाली को स्वच्छ बनाने विधायक,महापौर ने नहर की सफाई की

**रिसाली।** विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने रिसाली को स्वच्छ बनाने श्रमदान किया। नहर के एक हिस्से की सफाई कर मानव श्रृंखला बनाकर भागीदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया। वे सुबह 9 बजे स्वच्छता में जनभागीदारी कार्यक्रम में शामिल होने कल्याणी मंदिर के निकट पहुंचे थे। विधायक ललित चंद्राकर ने पहले स्थल निरीक्षण किया। बाद में वार्ड 7 वार्ड 13 व 14 से होकर गुजरने वाली नहर को निश्चित समय सीमा में साफ करने का लक्ष्य निर्धारित करते श्रमदान किया। उन्होंने नहर



से निकलने वाले कचरे को साफ करने में हाथ बढ़ाया। अपने हाथों से पहले कचरा को एकत्र किया और बाद में सहयोगियों की मदद से कचरे को ट्रेक्टर तक पहुंचाया। इस अवसर पर एमआईसी सनीर साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, ममता सिन्हा, शीला नारखेड़े, सरीता देवांगन, माया यादव, टीकम साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, आदि उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत श्रमदान से हुआ। बाद में विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा की अगुवाई में कर्मचारियों और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाई जो बीआरपी गेट पहुंच मार्ग के मोड़ तक पहुंची। इसका मुख्य उद्देश्य शहर को साफ सुथरा करने हम सब एक है। 300 से अधिक हितग्राहियों को विधायक ललित व आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रमाण पत्र भी दिए। स्वागत उद्बोधन सभापति केशव बंछोर ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, टिकम साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरणोपरांत का महादान नेत्रदान



**रायपुर 18 सितंबर।** सिविल लाइंस निवासी स्व. लूणकरण जी पारख की धर्मपत्नी श्रीमती विमलादेवी जी पारख का दिनांक 17/09/2024 को देहावसान हो गया जिनका मरणोपरांत नेत्रदान तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के माध्यम से अरविंदो नेत्रालय में श्री रमेश पारख की प्रेरणा व उनके पुत्र विकास जी पारख की सहमति से हुआ। आप स्व. उत्तमचन्द जी धाड़ीवाल व स्व. चाँदकँवर बाई जी धाड़ीवाल की पुत्री थी। नेत्रदान जीवन के बाद अर्थात मरणोपरांत का सर्वश्रेष्ठ दान होता है जिससे आपके जाने के बाद आपके दान किए नेत्र से दूसरे के जीवन में प्रकाश प्रज्जवलित हो जाता है और वह व उसका परिवार आपश्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है। धार्मिक मान्यता अनुसार आपश्री की आत्मा को भी इस कल्याणकारी कार्य से पुण्यलाभ प्राप्त होता है। नेत्रदान का यह कार्य दूसरो को भी प्रेरणा प्रदान करने वाला होता है।

### भाजपा का सदस्यता अभियान जारी



**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड वार्ड घर घर जाकर सदस्यता अभियान के तहत आम जनों को सदस्य बनाया जा रहा हैं आज इसी क्रम में डोंगरगढ़ शहर में घूम घूम कर विभिन्न स्थानों पर सदस्यता अभियान के तहत लोगों को सदस्य बनाया गया जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, वीरेंद्र कुमार सोनी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंह मोंटी, सुमित मिश्रा, अजय शर्मा, राजेश गजभिए, हरीश मोटघरे, बलविंदर सिंह भाटिया विक्की, मनीष चक्रवर्ती, अंकित निगम, जितेंद्र वर्मा एवं साथियों सहित सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाए गए।

### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**छुरिया 18 सितंबर।** अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स ) छुरिया द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लाडेकर, पदाधिकारी लालसिंग उइके व अमरदास बंजारे के नेतृत्व में ज्ञापन ज्ञापन सौंपा गया ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लाडेकर ने 8 सूत्रीय मांगों में निम्नलिखित मांगे बताया 1.बिलासपुर द्वारा पारित अंतिम निर्णय दिनांक 16-04-2024 के अध्यधीन रहते हुए जब तक संवर्गवार उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को पदोन्नत में आरक्षण प्रदाय किये जाने हेतु निर्देश जारी किए जाए माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के अतरिम निर्णय क्रमांक एसएलपी (सी) कमांक 19668/2022 में पारित आदेश के कंडिका 4 के अनुसार÷ राज्य को चयन प्रकिया को आगे बढ़ाने और नियुक्तियां और पदोन्नति करने की अनुमति दी गई है।अतः सर्वोच्च न्यायालय के उक्त आदेश का पालन करते हुए भर्ती के साथ पदोन्नति में आरक्षण लागू करने संशोधित अधिसूचना जारी की जावे। छ.ग. शासन के अधिसूचना कमांक / एफ/-10-03/2013/25/2 नया रायपुर दिनांक 10-08-2017 के अनुसार सूत सारथी आदि समाज को अनु जाति वर्ग में शामिल किया गया था जिनकी जनसंख्या लगभग 02त्न है इसी प्रकार छ.ग. शासन के पत्र कमांक एफ/13-09/2023/आ प्र./1-3 नया रायपुर दिनांक 04-09-2023 के अनुसार महरा महारा आदि समाज को अनु जाति. वर्ग में शामिल करने किया गया है जिनकी जनसख्या लगभग 02त्न है। इस प्रकार छ.ग. राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या जो 2011 की जनगणना के आधार पर 13त्न निर्धारित की गई थी जिसमे उक्त 04त्न को जोड़ने पर राज्य में अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या 17त्न हो चुकी है। अतः अनुसूचित जाति का आरक्षण 17त्न किया जाये। अजा अजजा वर्ग की भर्तियों में जो 2003 से विशेष बेकलाग भर्ती लंबित है उन सभी रिक्त पदों में तत्काल विशेष भर्ती अभियान के तहत भर्ती की जाये।

### 93 श्रद्धालु काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन के लिए हुए रवाना



**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजनांतर्गत जिले के 93 श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन हेतु कलेक्टोरेट परिसर से रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री विनोद खाण्डेकर, सदस्य रामलला दर्शन योजना श्री मूलचंद लोधी, श्री रमेश पटेल ने तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजनांतर्गत जिले के 93 श्रद्धालुओं को कलेक्टोरेट परिसर से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए 2 बस से रवाना किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, उप संचालक पंचायत श्री डीके कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# ईद पर मुस्लिम जमात ने नगर के प्रतिभावान व टापर बच्चों को किया सम्मानित

## जामा मस्जिद से निकला जुलूसे मोहम्मदी, परचम कुसाई के बाद किया गया आम लंगर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 18 सितंबर।** हजरत पैगम्बर साहब का जन्म दिवस ईद मिलादुननबी का पर्व सोमवार को मुस्लिम जमात ने हर्शोल्लासपर्वूक मनाया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने मस्जिद में पर्व की नमाज अता करते हुए देशवासियो के लिए प्रेम, शांति, सदभावना व खुशहाली की दुआए मांगी। ईद मिलदुन्नबी के पर्व पर नगर में परंपरानुसार प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्ड 15 स्थित जामा मस्जिद से जुलुसे मोहम्मदी निकाली गई। जुलुस मस्जिद से प्रांरभ होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए चर्च व गुरूदारा मार्ग होते हुए बस स्टैन्ड, डॉ आम्बेडकर चौक, कुम्हार पारा, शंकर पारा पटेल पारा, बाजार चौक होते हुए मेनरोड होकर मदरसा आकर समाप्त हुई। मदरसा में परचम कुसाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद जुलुसे मोहम्मदी पुनः मदरसा से प्रारंभ होकर गंज लाईन, गांधी चौक, बजरंग चौक, गुप्ता चौक हाते हुए मस्जिद में आकर समाप्त हुई। जुलुस की समाप्ति के बाद मस्जिद में परचम कुसाई की गई। यंहा पर मुस्लिम महिला समाज द्वारा कुरान खानी का आयोजन किया गया। जुलुस का नगर में जगह जगह मुस्लिम समाज का स्वागत किया गया। जुलुस में मुस्लिम जमात अंबागढ चौकी के प्रमुख हाजी सलीम तिगाला, हाजी रसीद रहमानी,



हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी नवाब खान, हाजी ईमारान, हाजी मुन्ना भाई, हाजी शरीफ तिगाला, सोफू जिलानी, इब्राइल खान, गुलाम नबी, ईसार्रल निर्वाण, सलामुद्दीन, शमशुद्दीन कुरैशी, सहित बडी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा व बच्चे शामिल थे।

मुस्लिम समाज द्वारा इस वर्ष ईद मिलादुनबी पर्व की शाम जामा मस्जिद परिसर में नगर के प्रतिभावान बच्चो को सम्मानित व पुरूश्कृत किया गया। जामा मस्जिद कमेटी द्वारा आयोजित इस समारोह में मुस्लिम समाज द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेंण्डरी बोर्ड परीक्षा में जिले व ब्लाक में प्रथम आने वाले तथा बोर्ड परीक्षा में स्टेट की टापर सूची में स्थान बनाने वाले मोनालिका रजक, रिद्धिमा मंडावी, रितिका देवागन, स्मृति मानिकपुरी, अराधना निषाद, धीरज निषाद, विवेक कुंभकार, श्रुति गुप्ता, टिवंकल देवागंन इत्यादि बच्चो को सम्मानित किया गया। मुस्लिम समाज ने प्रतिभावान बच्चो को स्मृति चिन्ह के साथ कापिया एवं स्टेष्नरी के अलावा पढाई में उपयोगी सामग्री का वितरण किया। इसके अलावा समाज की मजबूती तथा शिक्षा के विकास के लिए प्रेरणीय कार्य करने वाले समाज के वरिश्ठ नागरिक हाजी सलीम तिगाला और मोहम्मद एजाज खान को भी अंबागढ चौकी मुस्लिम जमात द्वारा सम्मानिम किया गया। तथा समाज के अन्य लोगो से भी इस दिशा में कार्य करने का आहवान किया गया। ईद मिलादुन्नबी पर्व पर स्थानीय विधायक भोलाराम साहू मुस्लिम जमात द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पर्व पर विधायक श्री साहू ने मुस्लिम भाईयो को गले मिलकर पर्व की बधाई व शुभकामनाए दी। तथा शाम को जामा मस्जिम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक श्री साहू ने बच्चो को सम्मानित कर पुरुस्कार बाटे। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू ने मुस्लिम समाज की मांग पर नगर में मुस्लिम समाज के महिलाओ के विकास के लिए मुस्लिम महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से दस लाख की सौगात देने का ऐैलान किया। विधायक द्वारा मांग पुरी किए जाने पर सामज ने विधायक श्री साहू का आभार ज्ञापित किया।

ईद मिलादुनन्बी पर्व पर परंपरानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम समाज द्वारा आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के हर वर्ग व आयु के सभी सामाजिकजन शामिल हुए। इस बार मुस्लिम यंग कमेटी द्वारा दोपहर में आम लंगर का आयोजन किया गया। जबकि रात में मुस्लिम जमात व जामा मस्जिद कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। आम लंगर में मुस्लिम समाज के अलावा अन्य धर्म, जाति व वर्ग के लोग भी पहुचकर मुस्लिम भाईयो को पर्व की बधाईया देते हुए लंगर का आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यंग कमेटी के अध्यक्ष रईस खान,उपाध्यक्ष शाहिर कुरैशी, शेख़ शोएब, जुनैद खान, ईलियास खान, शेख़ जावेद, अमन कुरैशी, गफ्फार खान, जाकिर खान, अतीक खान इत्यादि लोगो ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में गणेशोत्सव पर्व झांकी विसर्जन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे आज दिनांक 17.09.2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति पल्सर मो.सा. क्र. सीजी 05 एएच 8116 मे धारदार चाकू रखकर मोतीपुर की ओर रहा है सूचना पर मौके पर पहूंचकर मुखबीर के बताये अनुसार घेराबंदी कर आरोपी सोहन साहू पिता भेखराम साहू उम्र 19 साल साकिन धनगांव थाना लालबाग को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक बटनची धारदार चाकू को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेष कर आदेषानुसार जेल दाखिल किया गया ।

# गाली देने से मना करने पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 18 सितंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है दिनांक 15.09.2024 को रात्रि करीबन 09.00 बजे ग्राम दीवानटोला में ग्रामीणजन गणेश पण्डाल के पास रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के लिये इकट्ठा हुये थे पास में ही गांव के असामाजिक प्रवृत्ति के आरोपीगण के द्वारा आशिष कुमार टोडर, हेमलाल टोडर एवं हुसैन बांधे मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर रहे थे गाना बजाना बंद करों कहकर चिल्ला रहे थे इस दौरान गांव के जितेन्द्र नेताम, चुम्मन लाल उईके और मलेश नेताम उन्हे समझाने गये कहने लगे कि गांव में पुजा पाठ का महौल है गांव के बेटी बहू इकट्ठा हुये है तुम लोग यहां गाली गलौज कर रहे हो गांव का महौल खराब कर रहे हो कहने पर आशिष कुमार टोडर तुम लोग बहुत ज्यादा गांव मे सियानी कर रहे हो कह कर तीनों आरोपीगण एक राय होकर एक धारदार हथियार से हत्या करने के नियत से ताबडतोड वार जितेन्द्र नेताम पर किये जितेन्द्र नेताम के मुंह नाक एवं सीने में




गंभीर चोटे आयी मलेश नेताम के सिर में वार किये एवं चुम्मन उईके के कान में वार किये जिससे उन्हे चोटे आयी । जितेन्द्र नेताम को गंभीर होने पर राजनांदगांव ईलाज हेतु रिफर किया गया शेष दो आहत मलेश नेताम एवं चुम्मन उईके को प्राथमिक उपचार पश्चात डिस्चार्ज किया गया घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया आरोपियों के पतातलाश हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में टीम गठित की गई जो आरोपी हेमलाल गांव में उपस्थित मिला शेष दो आरोपी घटना पश्चात दुर्ग भाग गये थे जिसके पतसाजी हेतु टीम दुर्ग रवाना हुई थी जहा से आरोपी आशीष टोडर एवं हुसैन बंधे को दुर्ग से अभिरक्षा में लिया गया आरोपी आशिष टोडर से घटना में प्रयुक्त हथियार को उसके निशांनदेही पर बरामद पर जप्त किया गया तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास उपनिरीक्षक ओमसाहू एवं आरक्षक 160 देवीप्रसाद साहू, आरक्षक 460 फुलेन्द्र राजपुत, आरक्षक 1546 सत्येन्द्र, आरक्षक 1432 द्वारिका कलारी का विशेष योगदान रहा ।

## फेडरेशन ने युक्तियुक्तकरण के विरोध सहित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** फेडरेशन के संयोजक भेलसिंह वर्मा,महामंत्री योगेश चौरे,डां. मुन्ना लाल नंदेश्वर ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्तमान में ज्वलंत विषय यह है, कि कमरतोड महंगाई तथा उससे राहत हेतु केन्द्र के समान शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को 50त्न महँगाई भत्ता एवं केन्द्र समान गृह भाड़ा भत्ता व अन्य ज्वलंत समस्याओं पर शासन प्रशासन को लगातार पत्राचार किया जा रहा है। परन्तु खेद का विषय है, कि प्रदेश के अधिकारी ,कर्मचारी के समस्याओं का आज पर्यान्त निराकरण नहीं हुआ है। .भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान 50त्न महंगाई भत्ता 2. भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाय। 3. केन्द्र समान गृह भाड़ा भत्ता एवं डी.ए. की लंबित एरियर्स राशि जे पी एफ खाते में समायोजित किया जाए 4. भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार म0प्र0 सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए व शिक्षकों के विसंगति युक्त युक्तियुक्तकरण को निरस्त किया जाये , मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को फौरी तौर पर स्थगित कर दिया गया है क्योंकि कुछ माह पश्चात नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है । फेडरेशन की मांग है कि युक्तियुक्तकरण को पूर्णतः निरस्त किया जाये क्योंकि इस प्रक्रिया से प्रदेश के 4000 से अधिक स्कूल बंद हो जायेंगे तथा इन स्कूलों के सफाई कर्मचारी व रसोईया के सेवा पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा ,अर्थात वे बेरोजगार हो जाएंगे, शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी तथा यह सरकार सत्ता में आने के पूर्व 32000 शिक्षकों की भर्ती की ग्यारंटी थी उस पर पर प्रश्नचिन्ह लग गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संयोजक भेलसिंह वर्मा, महामंत्री योगेश चौरे, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, अमित वैष्णव, संतोष देवांगन,धन्नूलाल महोबिया, भरत साहू, श्रवण गभने,बी एस राव व श्रीमती कुंता काडे आदि उपस्थित थे ।



## विश्वकर्मा जयंती पर नगर निगम की तकनीकी शाखाओं में की गई पूजा



**राजनांदगांव 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख,जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम प्र. सहायक अभियंता श्री दीपक महला ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे।

उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

# कचरामुक्त शहर के लिये स्वच्छता दीदीयों ने निकाली जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता लींग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता प्रसंग पर स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आज जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मॉ शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किये, सफाई के अंतर्गत बुढ़ा सागर के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाया गया। वही एक पेड मॉ के नाम के लिये पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, छ.ग. बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख,छ.ग. राज्य भण्डार गृह निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, जिलापंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत वर्मा,



पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, पार्षद

श्री ऋषि शास्त्री एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने त्रिवेणी परिसर में विभिन्न प्रजाति ने पौधे रोपित किये। स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन साफ सफाई के अलावा स्वच्छता रैली निकाली गयी, रैली में कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों के साथ स्वच्छता दीदीयों ने जागरूकता रैली निकाली, रैली को श्री खूबचंद पारख जी एवं श्री मधुसूदन यादव जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व श्री पारख जी ने निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम स्वयं को एक स्वच्छ स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करेंगे, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेंगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे। स्वच्छता अभियान में अपने संबोधन में श्री खुबचंद पारख जी ने अनंत चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि आज स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ शीतला माता मंदिर से हो रहा है, प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने गंदगी नही करूंगा न करने दूंगा का नारा लेकर विगत 10 वर्ष से स्वच्छता आंदोलन चलाया, जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता भी आयी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनाना स्वस्थ रहने का सबसे बड़ा साधन है।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय पोषण माह ग्राम डुन्डेरा में मनाया गया



**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगढ़ के द्वारा ग्राम डुन्डेरा में वजन तिहार 17 सितम्बर 2024 को मनाया गया । जिसमें पोषण के तहत आहार के लिए भोजन में मटर चुकंदर मशरूम कद्दू शिमला मिर्च दाल फुलगोभी पालक भिन्डी पत्ता गोभी गाजर लौकी पापड़ खाने के लिए पोषण में दिया जा रहा है।इस अवसर पर जंपद् उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा महिला बाल विकास विभाग प्रवेक्षक संतोषी राजपूत ग्राम सरपंच गुलाबा बाई पटेल पंच मिलपा बाई पटेल गुडू वर्मा आंगनबाड़ी केंद्र1 से निर्मला साहू आंगनबाड़ी केंद्र 2 ललीता पटेल आंगनबाड़ी केंद्र 3 प्रिया हठीले कार्यकर्ता सहायिका सहित समस्त ग्रामीण के उपस्थित रहे।

### तालाब में किया गया गणेश मूर्ति का विसर्जन



**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** अगले बरस तु जल्दी आ जयकारों के साथ गणेश भक्त सुबह से ही ढोल, मंजीरा, धुमाल के साथ स्थानीय महावीर पारा के तालाब मूर्ति का विसर्जन करते रहे। नगर के घरों व छोटे पंडालो में विराजे गणपति महाराज की विधि विधान से हवन पूजा अर्चना कर संपन्न हुई और भक्तजन प्रातः काल से ही रिक्शे, ठेले, आटो सहित वाहनों पर विराज कर गणपति बप्पा मोरिया, आधा लड्डू चोरीया, एक दो तीन चार गणेश जी की जय जयकार, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते ढोल नगाडो व धुमालो पर थिरकते महावीर तालाब पहुँच कर गणेश जी की प्रतिमा की विधि विधान से आरती पूजा अर्चना कर तालाब के कुंड में विसर्जन किया गया। महावीर तालाब पर सुबह से ही भक्तो का मेला लगा था। भक्तो के लिए नपा प्रशासन के द्वारा विशेष व्यवस्था करते हुए ट्यूब वाले नाव सहित घाट के सफाई के लिए सफाई कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस प्रशासन के द्वारा घाटों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। देर शाम तक भक्तों का तालाब परिसर पर भक्तों का तांता लगा रहा। विर्सजन कार्यक्रम में इस वर्ष महिला भक्तो की संख्या अधिक दिखाई दे रही थी।

### रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



**डोंगरगढ़ 18 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को उजागर करने के उद्देश्य से ÷स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। यह कार्यकम 02 अक्टूबर 2024 तक राष्ट्रपिता महात्मां गांधी जी के जन्म उत्सव तक किया जाना है। जिसमें आज दिनांक 17 सितम्बर 2024 को स्वच्छता ही सेवा है, के तहत उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, अमीत जैन, अध्यक्ष भा.ज.पा.शहर मंडल डोंगरगढ़, अमीत छाबड़ पार्षद व नेता प्रतिपक्ष, राकेश कुमार अग्रवाल पार्षद, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनिल कुमार (चिकू) जैन,प्रकाश जैन , डी.एकेश राव, पार्षद, हरीश मोटघरे पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रैली यात्रा को प्रारंभ किया गया और आमजनता को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ ÷एक पेड़ मॉ के नाम÷ के तहत शा.उ.मा.वि.क.शाला डोंगरगढ़ में जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छता दीदी तथा शाला के छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के द्वारा शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य राजेश कन्नौजे, एवं समस्त शिक्षक / शिक्षिकाऐं तथा छात्राऐं एवं नगर पालिका डोंगरगढ़ के रितेश स्थापक उप अभियंता नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं समस्त कर्मचारी तथा स्वच्छता दीदीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

संपादकीय

# कमजोर मोदी सरकार तो नहीं गिरी

चुनाव होने के बाद से मोदी सरकार कमजोर है, वह तो कभी भी गिर जाएगी कहा जाता रहा है। कई महीनों तक देश की जनता को यह याद दिलाया गया कि मोदी सरकार तो कुछ दिन की मेहमान है, उसके बाद तो हमारी सरकार आएगी। यह भी बताया गया कि हमारी सरकार आती तो हम क्या करते। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी 20 सीट नहीं आई वर्ना इनको जेल में डाल दिया गया होता, ये जेल में रहने लायक है। ये लोग कौन है पूरा देश जानता है। कांग्रेस तो बरसो से सपना देख रही है कि मोदी को कैसे जेल में डाला जाए। जब वह गुजरात के सीएम थे तब से केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उनको जेल भिजवाने के लिए क्या क्या किया, यह सारा देश जानता है। लेकिन उनका सपना पूरा नहीं हुआ क्योंकि मोदी ने गुजरात में ऐसा कुछ किया नहीं था कि उनको अदालत दोषी ठहराती। अमित शाह को जरूर जिला बदर करवाया गया था। जो सपना गुजरात से कांग्रेस देखती आ रही है, वह सपना आज तक पूरा नहीं हुआ है लेकिन कांग्रेस नेता यह सपना आज भी देख रहे हैं कि उनकी सरकार बनेगी तो वह मोदी व उनके साथियों को जेल में डालेंगे। कांग्रेस का सपना देश की जनता पूरा नही होने दे रही है। क्योंकि देश की जनता नही चाहती है कि केंद्र की सत्ता में कांग्रेस आए। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने इसके लिए प्रयास नहीं किए है, उसने मोदी पर झूठे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, चौकीदार चोर है तक कहा लेकिन जनता ने उस पर कभी भरोसा नहीं किया। अडानी के नाम पर पिछले दस साल से राहुल गांधी पीएम मोदी की ईमानदारी को सवालों के घेरे में लाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अब तक सफल नहीं हुए है तो इसलिए कि देश की जनता मानने को तैयार नहीं है कि पीएम मोदी किसी तरह का भ्रष्टाचार कर सकते है या होने दे सकते हैं।

तीसरी बार मोदी सरकार न बने इसके लिए भी बहुत प्रयास किए गए। देश में झूठ व भ्रम फैलाया गया लेकिन कांग्रेस उसमें खास सफल नही हुई। तीसरी बार मोदी सरकार बनी और पहले की तरह मजबूत सरकार बनी ।इस मजबूत सरकार को गिरने के साथ ही गिराने की कोशिश भी पर्दे के पीछे हुई। इसका खुलासा हाल ही में भाजपा नेता नितिन गड़करी ने किया । एक कार्यक्रम में उन्होने खुलासा किया कि कुछ लोगों ने उनके संपर्क किया था और आफर दिया था कि वह पीएम बनते हैं तो वह उनका समर्थन करेंगे। यानी गड़करी को सरकार गिराने के लिए तैयार किया जा रहा था, या मोदी को हटाने के लिए तैयार किया जा रहा था। सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिसने भी भाजपा सरकार गिराने के लिए गड़करी चुना तो वह जानता था कि गड़करी भी पीएम बनना चाहते थे, वह भी कभी मोदी को पीएम नही बनने देने वालों के साथ थे। सरकार गिराने वाले गड़करी को जितना बड़ा नेता मान रहे थे, गड़करी उतने बड़े नेता नहीं थे, उनका समर्थन करने वाले नहीं थे इसलिए मोदी सरकार को गिराने का प्लान फ्रेल हो गया। गड़करी ने इसका खुलासा इसलिए कर दिया है कि बाद में यह खुलासा कोई करेगा तो उनकी बदनामी होगी, इसलिए उन्होंने इसका खुलासा खुद ही कर दिया और बता दिया कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।100 दिन में मोदी सरकार को गिराने में विपक्षी दल और कांग्रेस सफल नहीं हुए हैं। लेकिन मोदी सरकार ने 100 दिन में जो कुछ देश व देश के लोगों के लिए करने को सोचा था, वह सब मोदी ने कर दिखाया और साबित किया है कि वह जो कहते हैं, वह पूरा भी करते हैं। कांग्रेस 100 दिन में भले ही देश में होने वाले अपराध गिनाए,आंतकवादी घटनाएं गिनाए लेकिन जनता की नजर में मोदी सरकार कांग्रेस सरकारों से तो पिछले दस साल भी बेहतर थी और आज भी बेहतर है। पीएम मोदी दस साल पहले भी राहुल गांधी से 100 गुना बेहतर नेता थे,आज भी है। राहुल गांधी को 99 सीटे मिलने पर वहम हो गया है कि वह मोदी से बड़े नेता हो गए हैं। वह मोदी के बड़े नेता माने जाते तो जनता उनको तीन चुनाव में एक बार तो बहुमत देती, बड़े नेता मोदी हैं इसलिए जनता उनको बहुमत देती है, सरकार उनकी बनाती है।

राजनीति

# हरियाणा चुनाव : सत्ता का चक्रव्यूह

निर्मल रानी



गत 16 सितंबर को हरियाणा में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार राज्य में 190 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के कई बागी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें सिरसा विधानसभा की सीट ऐसी भी है जहां बीजेपी प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। रोहतास जांगड़ा ने मीडिया को बताया कि पार्टी के कहने पर ही उन्होंने पर्चा दाखिल किया था और पार्टी के कहने पर ही उन्होंने अपना नाम वापस भी ले लिया है। कयास लगाये जा रहे हैं कि सिरसा विधानसभा सीट पर अब भाजपा हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री गोपाल कांडा को अपना समर्थन दे सकती है। खबर यह भी है कि इस 'सौदेबाजी' के तहत गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी रानियां सीट पर अपने उम्मीदवार के बजाये भाजपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। अंबाला की दो विधानसभा सीटों को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। अम्बाला शहर की सीट पर भाजपा ने यहां से दो बार विधायक रहे असीम गोयल को तीसरी बार भी मैदान में उतरा है। गोयल, नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में पहली बार राज्य मंत्री भी बनाये गए हैं। कांग्रेस के दो मजबूत बागी उम्मीदवारों पूर्व विधायक जसबीर मलोर तथा युवा नेता हिम्मत सिंह के नामांकन पत्र भरने की वजह से असीम गोयल के लिये तीसरी बार भी यह सीट जीतना आसान लग रहा था। परन्तु नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन सांसद दीपेंद्र हुडा ने स्वयं अंबाला पहुंचकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह के पक्ष में इन दोनों कांग्रेस नेताओं के नामांकन वापस करा दिये। इसके बाद अब यह माना जा रहा है कि निर्मल सिंह की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उधर अम्बाला छावनी की सीट पर गत छः बार के विधायक रहे पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला वैसे तो कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी से है जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। परन्तु इसी सीट पर चित्रा सरवारा भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। चित्रा सरवारा कांग्रेस के अंबाला शहर के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की बेटी हैं। 2019 तक चौधरी निर्मल सिंह कांग्रेस में थे। बाद में कांग्रेस छोड़कर कुछ समय के लिये आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुये। कुछ समय पूर्व ही पिता-पुत्री की पुनः ' घर वापसी ' हुई है। चित्रा 2019 में भी विज के विरुद्ध



निर्दलीय चुनाव लड़कर 44 हजार वोट ले चुकी थीं इसलिये इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। परन्तु पार्टी ने एक ही जिले से पिता पुत्री को एक साथ टिकट न देने का निर्णय तो लिया। परन्तु जिस सक्रियता से निर्मल सिंह के विरुद्ध लड़ने जा रहे दो बागियों के नाम वापस कराये गये उसी तरह स्वयं निर्मल सिंह की बेटी ने अपना नामांकन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी के पक्ष में वापस क्यों नहीं लिया इस बात को लेकर रहस्य बना हुआ है। बहरहाल नामांकन वापस लेने के बाद अब 90 विधानसभा के लिये 5 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 1031 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का जिक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी ''रेवड़ी कल्चर' को जिम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये। हालांकि प्रधानमंत्री के इस आरोप का जवाब देने के लिये कांग्रेस की ओर से अगले ही दिन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की। चिदंबरम ने कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को सिरे से खारिज किया और




कहा कि प्रधान मंत्री मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। उल्टे चिदंबरम ने हरियाणा की भाजपा सरकार से ही बेरोजगारी, कर्ज और किसानों के मुद्दों पर आंकड़ों के साथ सवाल किये। उधर तीसरी बार सत्ता में वापसी को आतुर दिखाई दे रही भाजपा के प्रत्याशियों को अनेक विधानसभा क्षेत्रों में जनता खासकर किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्के नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाजी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में 'क्लीन स्वीप' करती दिखाई दे रही थी उसमें अब 'डैमेज कंट्रोल ' की जरुरत आ पड़ी है। इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाजी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेजी से एक वीडिओ वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुजुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया। यह वीडिओ कांग्रेस विरोधियों द्वारा यही कहकर प्रसारित की गयी कि 'यह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा है'। हालांकि इस आपत्तिजनक वीडिओ के वायरल होने के बाद स्वयं हुडा ने रोहतक में पत्रकारों से बात की और कहा कि -'शैलजा उनकी बहन हैं और पार्टी की एक सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और ऐसे लोगों के लिए पार्टी के अंदर कोई जगह नहीं है। जाति, धर्म के आधार पर लोगों को आपस में लड़वाना बीजेपी का काम है। हुडा ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी शख़्स ऐसी बात नहीं कह सकता है।' दरअसल कुमारी शैलजा राज्य की सबसे वरिष्ठ दलित महिला नेता तथा इस वर्ग की मुख्यमंत्री पद की इकलौती दावेदार हैं। परन्तु कांग्रेस ने जिन 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें 72 प्रत्याशी अकेले भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक बताये जा रहे हैं जबकि सिरसा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के केवल 9 समर्थक प्रत्याशी ही टिकट हासिल करने में कामयाब हुये हैं। गोया टिकट वितरण से ही हुड्डा खेमे का पल्ला भारी है।

अब देखना यह होगा कि कई क्षेत्रों में बागियों के चुनाव लड़ते तथा शैलजा खेमे के साथ साथ उन पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दलित समाज में उपजे रोष के बीच हुड्डा खेमे पर लगभग आश्रित नजर आती कांग्रेस अपने बल पर भाजपा से सत्ता छीन सकेगी या फिर हरियाणा को 2019 की ही तरह राज्य में चुनाव लड़ रहे इनेलो,जजप,बसपा आजाद समाज पार्टी या विजयी होकर आने वाले अन्य स्वतंत्र निर्वाचित सदस्यों की 'बैसाखी' की सरकार मिलेगी ?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे। आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें।। आपने यदि व्यवसाय में किसी डील को फाइनल करने का सोचा था, तो आपकी डील फाइनल होते-होते लटक सकती है। आप अपने घर के साथ रखरखाव आदि के लिए कुछ सामानों की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने फिरने की प्लानिंग करेंगे।

वृषभ- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनका कोई काम पूरा हो सकता है। किसी से उधार लेना पड़ सकता हैं। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं और वह अपने ज्ञान में वृद्धि करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको अपने क्रोधी स्वभाव में बदलाव लाने की आवश्यकता है, नहीं तो जीवनसाथी के साथ आपकी खटपट होने की संभावना है। घूमाने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना है। आपकी यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रहा थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को सावधान रहना होगा। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखें, नहीं तो समस्या हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी से कोई लेनदेन सोच विचारकर करें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर होने वाला है। आपको कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं। परिवार के सदस्यों में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भरपूर रहेगा, लेकिन आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको नौकरी को लेकर अपने किसी मित्र से बातचीत करनी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी सेहत कमजोर रहेगी, क्योंकि आपको खान-पान में समस्या हो सकती हैं। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखे। बिजनेस में आपको कोई नुकसान होने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी और पारिवारिक संपत्ति को लेकर आपका कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आपको अपने बहन भाइयों के बीच चल रही अनबन को बातचीत के जरिए दूर करने की आवश्यकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने सहकर्मियों से तालमेल बनकर चलना होगा।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। सरकारी नौकरी की तलाश में लगे लोगों को आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं, लेकिन आपको अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपको जो भी काम मिलेगा, उसे समय से पहले पूरा कर देंगे, जिससे आप खुश रहेंगे। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। आप किसी प्रॉपर्टी का सौदा बहुत ही सोचसमझ कर करें। आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं।

तुला- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको नौकरी में कामों को लेकर टेंशन रहेगी। आपको आर्थिक मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने खर्चों को लेकर सावधान रहें। किसी से धन को लेकर कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करें। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में ढील दे सकते हैं, जिस कारण परिवार के सदस्य आपसे नाराज रहेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए जोश से भरपूर रहने वाला है। नौकरी में काम अधिक रहेगा। आपको मेहनत और ईमानदारी से काम करना बेहतर रहेगा। आपको अपने किसी दोस्त की याद सता सकती है। आप अपने भाई बहनों से तालमेल बनकर चले, तो बेहतर रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। घूमने फिरने का कारण आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका कोई परिवार का सदस्य यदि घर से दूर नौकरी में कार्यरत है, तो वह आज आपसे मिलने आ सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आर्थिक मामलों को देखकर यदि आप कोई लोन लेना चाह रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग आपके साथी से रिश्ते में चल रही अनबन को दूर करेंगे। आपको अपने किसी सहयोगी की याद सता सकती हैं। परिवार में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए लेनदेन से बचने के लिए रहेगा। यदि आपने नौकरी बदलने के बारे में सोचा है, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। आप किसी को अत्यधिक मात्रा में धन उधार न दें। बिजनेस में आप कोई बदलाव बहुत ही सोच विचार करें। पारिवारिक संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई- झगड़ा होने की संभावना है। समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा, लेकिन आप कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी को लेकर आप कही घूमने फिरने जा सकते हैं। कारोबार में आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपने किसी रुके हुए काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोग किसी दूसरे के काम में ज्यादा ना पड़े, तो बेहतर रहेगा। आप लोगों से कम से कम मतलब रखें, क्योंकि आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश मे लगे रहेंगे। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। संतान की शिक्षा को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं। आप किसी मित्र से काम को लेकर बातचीत करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है।

श्राद्ध

# श्राद्ध करने से उतरता है पूर्वजों का ऋण

डा. अनीष व्यास

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि श्रद्धा से किया गया कर्म श्राद्ध कहलाता है। अपने पितरों के लिए श्रद्धा से किए गए मुक्ति कर्म को श्राद्ध कहते हैं। उन्हें तृप्त करने की क्रिया को तर्पण कहा जाता है। तर्पण करना ही पिंडदान करना है।

पितृ पक्ष के दौरान दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है। मान्यता है कि अगर पितर नाराज हो जाएं तो व्यक्ति का जीवन भी खुशहाल नहीं रहता और उसे कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यही नहीं घर में अशांति फैलती है और व्यापार व गृहस्थी में भी हानि झेलनी पड़ती है। ऐसे में पितरों को तृप्त करना और उनकी आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में श्राद्ध करना जरूरी माना जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि श्राद्ध के जरिए पितरों की तृप्ति के लिए भोजन पहुंचाया जाता है और पिंड दान व तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की जाती है। श्राद्ध से जो भी कुछ देने का हम संकल्प लेते हैं, वह सब कुछ उन पूर्वजों को अवश्य प्राप्त होता है। जिस तिथि में जिस पूर्वज का स्वर्गवास हुआ हो उसी तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है जिनकी परलोक गमन की तिथि ज्ञान न हो, उन सबका श्राद्ध अमावस्या को किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पितृगणों का श्राद्ध कर्म करने के लिए वर्ष में 96 अवसर मिलते हैं। साल के 12 माह में 12 अमावस्या तिथि को भी श्राद्ध किया जा सकता है। श्राद्ध कर्म करने से तीन पीढ़ियों के पूर्वजों को तर्पण किया जा सकता है। श्राद्ध तीन पीढ़ियों तक होता है। श्राद्ध पुत्र, पोता, भतीजा या भांजा करते हैं। जिनके घर में पुरुष सदस्य नहीं हैं, उनमें महिलाएं भी श्राद्ध कर सकती हैं। पितृ पक्ष में सभी तिथियों का अलग-अलग महत्व है। जिस व्यक्ति की मृत्यु जिस तिथि पर होती है, पितृ पक्ष में उसी तिथि पर श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। पूर्णिमा तिथि से पितृ पक्ष आरंभ होता है। प्रतिपदा तिथि पर नाना-नानी के परिवार में किसी की मृत्यु हुई हो और मृत्यु तिथि ज्ञात न हो तो उसका श्राद्ध प्रतिपदा पर किया जाता है। पंचमी तिथि पर अगर किसी अविवाहित व्यक्ति की मृत्यु हुई है तो उसका श्राद्ध इस तिथि पर करना चाहिए। अगर किसी महिला की मृत्यु हो गई है और मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है तो उसका श्राद्ध नवमी तिथि पर किया जाता है। एकादशी पर मृत संन्यासियों का श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु किसी दुर्घटना में हो गई है, उनका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि पर करना चाहिए। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों के लिए श्राद्ध करना



चाहिए। जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो, उनका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि को किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि श्रद्धा से किया गया कर्म श्राद्ध कहलाता है। अपने पितरों के लिए श्रद्धा से किए गए मुक्ति कर्म को श्राद्ध कहते हैं। उन्हें तृप्त करने की क्रिया को तर्पण कहा जाता है। तर्पण करना ही पिंडदान करना है। भाद्रपद की पूर्णिमा से अश्विन कृष्ण की अमावस्या तक कुल 16 दिन तक श्राद्ध रहते हैं। इन 16 दिनों के लिए हमारे पितृ सूक्ष्म रूप में हमारे घर में विराजमान होते हैं। श्राद्ध में श्रीमद्भागवत गीता के सातवें अध्याय का माहात्म्य पढ़कर फिर पूरे अध्याय का पाठ करना चाहिए। इस पाठ का फल आत्मा को समर्पित करना चाहिए। श्राद्धकर्म से पितृगण के साथ देवता भी तृप्त होते हैं। श्राद्ध-तर्पण हमारे पूर्वजों के प्रति हमारा सम्मान है। इसी से पितृ ऋण भी चुकता होता है। श्राद्ध के 16 दिनों में अष्टमुखी रुद्राक्ष धारण करें। इन दिनों में घर में 16 या 21 मोर के पंख अवश्य लाकर रखें। शिवलिंग पर जल मिश्रित दुग्ध अर्पित करें। घर में प्रतिदिन खीर बनाएं। भोजन में से सर्वप्रथम गाय, कुत्ते और कौए के लिए ग्रास अलग से निकालें। माना जाता है कि यह सभी जीव यम के काफी निकट हैं। श्राद्ध पक्ष में व्यसनों से दूर रहें। पवित्र रहकर ही श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध पक्ष में शुभ कार्य भी वर्जित माने गए हैं। श्राद्ध का समय दोपहर में उपयुक्त माना गया है। रात्रि में श्राद्ध नहीं किया जाता। श्राद्ध के भोजन में बेसन का प्रयोग वर्जित है। श्राद्ध कर्म में लोहे या स्टील के पात्रों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पितृदोष जब शांत हो जाता है तो स्वास्थ्य, परिवार और धन से जुड़ी बाधाएं भी दूर हो जाती हैं।

**दिन का महत्व**-जो पूर्णमासी के दिन श्राद्ध आदि करता है उसकी बुद्धि, पुष्टि, स्मारणाशक्ति, धारणाशक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती। वह पर्व का पूर्ण फल भोगता है। प्रतिपदा धन-सम्पत्ति के लिए होती है एवं श्राद्ध करने वाले की प्राप्त वस्तु नष्ट नहीं होती। जो सप्तमी को श्राद्ध आदि करता है उसको महान यज्ञों के पुण्य फल प्राप्त होते हैं। अष्टमी को श्राद्ध करने वाला सम्पूर्ण समृद्धियां प्राप्त करता है। नवमी को श्राद्ध करने से ऐश्वर्य एवं मन के अनुसार अनुकूल चलने वाली स्त्री को प्राप्त करता है। दशमी तिथि का श्रद्धा मनुष्य ब्रह्मत्व की लक्ष्मी प्राप्त कराता है।

**श्राद्ध विधि**-भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार श्राद्ध करने की भी विधि होती है। यदि पूरे विधि विधान से श्राद्ध कर्म न किया जाए तो मान्यता है कि वह श्राद्ध कर्म निष्फल होता है और पूर्वजों की आत्मा अतृप्त ही रहती है। शास्त्रसम्मत मान्यता यही है कि किसी सुयोग्य विद्वान ब्राह्मण के जरिए ही श्राद्ध कर्म (पिंड दान, तर्पण) करवाना चाहिए। श्राद्ध कर्म में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दिया ही जाता है साथ ही यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सकें तो बहुत पुण्य मिलता है। इसके साथ-साथ गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु-पक्षियों के लिए भी भोजन का एक अंश जरूर डालना चाहिए। श्राद्ध करने के लिए सबसे पहले जिसके लिए श्राद्ध करना है उसकी तिथि का ज्ञान होना जरूरी है। जिस तिथि को मृत्यु हुई हो उसी तिथि को श्राद्ध करना चाहिए। लेकिन कभी-कभी ऐसी स्थिति होती है कि हमें तिथि पता नहीं होती तो ऐसे में आश्विन अमावस्या का दिन श्राद्ध कर्म के लिए श्रेष्ठ होता है क्योंकि इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है। दूसरी बात यह भी महत्वपूर्ण है कि श्राद्ध करवाया कहां पर जा रहा है। यदि संभव हो तो गंगा नदी के किनारे पर श्राद्ध कर्म करवाना चाहिए। यदि यह संभव न हो तो घर पर भी इसे किया जा सकता है। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन ब्राह्मणों को भोज करवाना चाहिए.भोजन के बाद दान दक्षिणा देकर भी उन्हें संतुष्ट करें। श्राद्ध पूजा दोपहर के समय शुरू करनी चाहिए. योग्य ब्राह्मण की सहायता से मंत्रोच्चारण करें और पूजा के पश्चात जल से तर्पण करें। इसके बाद जो भोग लगाया जा रहा है उसमें से गाय, कुत्ते, कौवे आदि का हिस्सा अलग कर देना चाहिए। इन्हें भोजन डालते समय अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए. मन ही मन उनसे श्राद्ध ग्रहण करने का निवेदन करना चाहिए।

**इन पांच जीवों का ही चुनाव क्यों किया गया है**-भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पितृपक्ष शुरू हो चुके है और ऐसा माना जाता है कि इस दौरान हमारे पितर धरती पर आकर हमें आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हमारे पितृ पशु पक्षियों के माध्यम से हमारे निकट आते हैं और गाय, कुत्ता, कौवा और चींटी के माध्यम से पितृ आहार ग्रहण करते हैं। श्राद्ध के समय पितरों के लिए भी आहार का एक अंश निकाला जाता है, तभी श्राद्ध कर्म पूरा होता है। श्राद्ध करते समय पितरों को अर्पित करने वाले भोजन के पांच अंश निकाले जाते हैं गाय, कुत्ता, चींटी, कौवा और देवताओं के लिए। कुत्ता जल तत्त्व का प्रतीक है, चींटी अग्नि तत्व का, कौवा वायु तत्व का, गाय पृथ्वी तत्व का और देवता आकाश तत्व का प्रतीक हैं। इस प्रकार इन पांचों को आहार देकर हम पंच तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।. केवल गाय में ही एक साथ पांच तत्व पाए जाते हैं। इसलिए पितृ पक्ष में गाय की सेवा विशेष फलदाई होती है।

**कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी**-भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पितरों को खुश रहने के लिए श्राद्ध के दिनों में विशेष कार्य करना चाहिए वही इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

1. श्राद्ध करने के लिए ब्रह्मवैवर्त पुराण जैसे शास्त्रों में बताया गया है कि दिवंगत पितरों के परिवार में या तो ज्येष्ठ पुत्र या कनिष्ठ पुत्र और अगर पुत्र न हो तो नाती, भतीजा, भांजा या शिष्य ही तिलांजलि और पिंडदान देने के पात्र होते हैं।
2. पितरों के निमित्त सारी क्रियाएं गले में दाये कंधे मे जनेउ डाल कर और दक्षिण की ओर मुख करके की जाती है।
3. कई ऐसे पितर भी होते है जिनके पुत्र संतान नहीं होती है या फिर जो संतान हीन होते हैं। ऐसे पितरों के प्रति आदर पूर्वक अगर उनके भाई भतीजे, भांजे या अन्य चाचा ताउ के परिवार के पुरूष सदस्य पितृपक्ष में श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर पिंडदान, अन्नदान और वस्त्रदान करके ब्राह्मणों से विधिपूर्वक श्राद्ध कराते है तो पितर की आत्मा को मोक्ष मिलता है।
4. भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक अनीष व्यास ने बताया कि श्राद्ध के दिन लहसुन, प्याज रहित सात्विक भोजन ही घर की रसोई में बनना चाहिए। जिसमें उड़द की दाल, बडे, चावल, दूध, घी से बने पकवान, खीर, मौसमी सब्जी जैसे तोरई, लौकी, सीतफल, भिण्डी कच्चे केले की सब्जी ही भोजन में मान्य है। आलू, मूली, बैंगन, अरबी तथा जमीन के नीचे पैदा होने वाली सब्जियां पितरों को नहीं चढ़ती है।
5. श्राद्ध का समय हमेशा जब सूर्य की छाया पैरो पर पड़ने लग जाए यानी दोपहर के बाद ही शास्त्र सम्मत है। सुबह-सुबह अथवा 12 बजे से पहले किया गया श्राद्ध पितरों तक नहीं पहुंचता है। पितरों के लिए श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करने वाले को कोई निमित्त बनाना पड़ता है। यह निमित्त है श्राद्ध। पितरों के लिए कृतज्ञता के इन भावों को स्थिर रखना हमारी संस्कृति की महानता को प्रकट करता है। देवस्मृति के अनुसार श्राद्ध करने की इच्छा करने वाला व्यक्ति परम सौभाग्य पाता है।

### एकादशी का श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ दान

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि श्राद्ध न किया जाए तो पितर गृहस्थ को दारुण शाप देकर पितृलोक लौट जाते है। एकादशी का श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ दान है। वह समस्त वेदों का ज्ञान प्राप्त कराता है। उसके सम्पूर्ण पापकर्मों का विनाश हो जाता है तथा उसे निरंतर ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

वहीं, द्वादशी तिथि के श्राद्ध से राष्ट्र का कल्याण तथा प्रचुर अन्न की प्राप्ति कही गई है। त्रयोदशी के श्राद्ध से संतति, बुद्धि, धारणाशक्ति, स्वतंत्रता, उत्तम पुष्टि, दीघार्यु तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

### ऐसे करें श्राद्ध

श्राद्ध करने के लिए किसी ब्राह्मण को आमंत्रित करें, भोज कराएं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा भी दें।

श्राद्ध के दिन अपनी सामर्थ्य या इच्छानुसार खाना बनाएं।

आप जिस व्यक्ति का श्राद्ध कर रहे हैं उसकी पसंद के मुताबिक खाना बनाएं जो उचित रहेगा।

मान्यता है कि श्राद्ध के दिन स्मरण करने से पितर घर आते हैं और अपनी पसंद का भोजन कर तृप्त हो जाते हैं।

खाने में लहसुन-प्याज का इस्तेमाल न करें।


शास्त्रों में पांच तरह की बलि बताई गई हैंः गौ (गाय) बलि, श्वान (कुत्ता) बलि, काक (कौवा) बलि, देवादि बलि, पिपीलिका (चींटी) बलि

# पितरों के प्रति श्रद्धा का महापर्व पितृपक्ष प्रारंभ

- 18 सितंबर भाद्रमास की पूर्णिमा तिथि से 2 अक्टूबर आश्विन मास की अमानस्या तिथि तक रहेगा पितृपक्ष
- पितरों के शांति के लिये होगा श्राद्ध, तर्पण देकर कष्टों से पाई जाएगी मुक्ति.
- पितृपक्ष में पितृ शांति पूजा करवाने का यह साल का सबसे बड़ा अवसर होता है.

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 18 सितंबर।** सनातन धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है। यह भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि से शुरू होकर अमावस्या तक चलता है। इस दौरान पितृगण मृत्यु को प्राप्त हुए अपने परिजनों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे कई अनुष्ठान कर मोक्ष की कामना करते हैं। इसके अलावा मान्यता है कि पितृपक्ष में दान करने से पितरों की तृप्ति होती है और वह अपने वंशजों को आर्शीवाद प्रदान करते हैं। पितृपक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, उनका स्मरण करने और उनके प्रति श्रद्धा अभिव्यक्त करने का महापर्व है। मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों की आत्माएं धरती पर आती हैं, इसलिए उनके वंशज उन्हें संतुष्ट करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। पितृपक्ष से जुड़ी कई कहानियां भी प्रचलित हैं।

भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक कुल 15 दिनों का होता है पितृपक्ष। इस दौरान पितृगण अपने पितरों को याद करते हैं। पितृपक्ष में पितरों के लिए तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध, ब्राम्हण भोज आदि अनुष्ठान किया जाता है, साथ ही पितृपक्ष की तिथियों पर पितरों की पूजा करके उनको तृप्त किया जाता है। हिन्दु धर्म में पितृपक्ष के दिनों का बहुत ही खास महत्व है। हमारे परिवार के जिन पूर्वजों का देहांत हो चुका है उन्हें हम पितृ मानते हैं। हिन्दु पंचाग के अनुसार पितृपक्ष का आरंभ आज 18 सितंबर 2024 से हो रहा है जो 2 अक्टूबर आश्विन मास की अमास्या तिथि तक चलेगा। आज पहला दिन पितृगणों ने अपने पितरों को याद कर पुर्णिमा तिथि का श्राद्ध तपर्ण कर उन्हें याद किया। पितरों की शांति के लिए हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास की अमावस्या के काल तक पितृपक्ष श्राद्ध होते हैं। मान्यता है कि इस दौरान कुछ समय के लिए यमराज पितरों को आजाद कर देते हैं ताकि वह अपने परिजनों से धरती पर आकर श्राद्ध ग्रहण कर सकें। धर्म ग्रन्थों के अनुसार जो भी वस्तु उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम उचित विधि द्वारा ब्राम्हणों को श्रद्धापूर्वक दान दिया जाए वह श्राद्ध कहलाता है। श्राद्ध के माध्यम से पितरों की तृप्ति के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। पिण्ड के रूप में पितरों को दिया गया भोजन श्राद्ध का अहम हिस्सा होता है। पितृपक्ष में पितरों के निमित्त पिंडदान करने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है कुछ लोग काशी और गया जाकर अपने पितरों का पिंडदान करते हैं। पितृपक्ष के दौरान पितरों के निमित्त विधिपूर्वक जो कर्म श्रद्धा से किया जाता है उसे श्राद्ध कहते हैं। मान्यता है कि पितरों का विधि अनुसार श्राद्ध करने से पितृगण प्रसन्न होकर अनुष्ठाता की आयु बढा देते हैं साथ ही धन, धान्य, पुत्र, पौत्र तथा यश प्रदान करते हैं। पंडितों के अनुसार जिस कर्म विशेष में दुध, घी, तथा मधु से युक्त सुसंस्कृत उत्तम व्यंजन को श्रद्धापूर्वक पितरों को भेंट किया जाए, वही श्राद्ध है। ज्योतिष मान्यताओं के आधार पर सूर्यदेव जब कन्या राशि में गोचर करते हैं तब हमारे पितर अपने पुत्र पौत्रों के यहां विचरण करते हैं। विशेष रूप से वे तर्पण की कामना करते हैं। श्राद्ध से पितृगण प्रसन्न होते हैं। पितरों के तर्पण, हवन, अनुष्ठान करने से हर प्रकार का कष्ट और बाधा से भी मुक्ति मिलती है। पितृगण श्राद्ध करने वालों को सुख समृद्धि, सफलता, आरोग्य और संतान रूपी फल देते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो लोग पितृपक्ष में पितरों का तर्पण नहीं करते या कराते, उन्हें पितृदोष लगता है और श्राद्ध के बाद ही पितृदोष से मुक्ति मिलती है। श्राद्ध से पितृ को शांति मिलती है, वे प्रसन्न रहते हैं उनका आर्शीवाद हमारे परिवार को प्राप्त होता है। पंडितों के अनुसार कौए को पितरों का रूप माना जाता है। मान्यता है कि श्राद्ध ग्रहण करने के लिए हमारे पितर कौए का रूप धारण कर नियत तिथि पर दोपहर के समय हमारे घर आते हैं। अगर उन्हें श्राद्ध नहीं मिलता है तो वह रूष्ट हो जाते हैं। इस कारण श्राद्ध का प्रथम अंश कौवों को दिया जाता है। पितृपक्ष में गरीबों और ब्राम्हणों को भी अपने सामर्थयअनुसार दान करना चाहिए। इस दौरान कोई भी मांगलिक व शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। पूरे पितृपक्ष के दौरान पितृस्त्रोत का करना उत्तम फलदायी माना गया है।

## एक नजर

### प्रहलाद कुमार और शशि भूषण ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया



**किरन्दुल, 18 सितंबर।** नवयुवा गणेश पूजा समिति बंगाली कैंप किरन्दुल के द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण में आज महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों का विभिन्न खेल एवं डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे वार्ड की विभिन्न महिलाओं व छोटे-छोटे बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। उनके द्वारा बहुत ही सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू जी, विशिष्ट अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र जी और रवि सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के आने से समिति के सभी लोगों को खुशी हुई सभी प्रसन्न थे उनको अपने बीच पाकर समिति के द्वारा दोनों अतिथियों का हर्षित मन से स्वागत किया गया। नन्हे- मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये जिनसे खुश होकर दोनों अतिथियों के द्वारा आशीर्वाद स्वरूप पृथक-पृथक पुरुष्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में माताएं, बहने, छोटे-छोटे बच्चे सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही साथ दर्शकों की भी काफी भीड़ रही।

### छात्र-छात्राओं को खुदकुशी के प्रति किया गया जागरूक



**सुकमा,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में थीम' 'आत्महत्या पर कहानी बदलना है,जिसमें कार्रवाई का आह्वान, बातचीत शुरू करना'' है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप व सिविल सर्जन डॉ. एम.आर कश्यप के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सुकमा के तहत् पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास , लाइवलीहुड कॉलेज कुम्हाररास, शासकीय हाई स्कूल पोटा केबिन केरलापाल के छात्र-छात्राओं को आत्महत्या रोकथाम उसके उद्देश्य और चुनौतियों के बारे में खुलकर बातचीत की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या की जटिलताओं के बारे में समझ को प्रोत्साहित करना, इस विषय से जुड़े भ्रमक को कम करना और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देना ,व साथ ही सभी से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक दयालु और सूचित दृष्टिकोण में योगदान करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान 300 छात्र-छात्राओं को आत्महत्या और आत्महत्या रोकथाम के बारे में बातचीत शुरू करने और अपनी मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बात करने बिना किसी निर्णय या शर्म के डर के मदद मांगने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीएमएचपी टीम साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन, साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा ट्रैनिंग दिया गया। साथ ही टेली मानस सुविधाओं टोल फ्री नंबर 14416 तथा 18008914416 के बारे में सभी को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ग्राम हामतवाही के ग्रामीणों ने की धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग

**कांकेर, 18 सितंबर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनीं और उनके यथासंभव निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर जनदर्शन में जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पोरोण्डी के ग्रामवासियों ने नलजल योजना, नया प्राथमिक शाला भवन, माध्यमिक शाला भवन का मरम्मत, हाईस्कूल का उन्नयन की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में आज कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा विकासखंड के ग्राम पंचायत जेपरा के सरपंच ने गांव में संचालित राशन दुकान में अनियमिता की शिकायत करते हुए जांच की मांग की।

# अंबेडकर पार्क बना पशुओं का चारागाह स्थल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 18 सितंबर।** दंतेवाड़ा के हृदय स्थल में बसे दंतेश्वरी सरोवर पार्क की बात हो या अंबेडकर पार्क की करीब करीब सब का एक सा हाल है। लाखों खर्च कर बनाए गए इन पार्को का उचित देखभाल एवं समय पर मेंटनेंस नहीं हो पाने के कारण पार्क में वो रौनक अब नहीं दिखती जो इसके बनने के बाद कुछ महिनों तक देखी गई थी। आलम यह कि पार्को में कुत्ते, बकरी, गाय बैल जब चाहें तब अंदर घुस जाते हैं और घंटों आराम से विचरण करते हुए अंदर लगाए गए हरे घास चर जाते हैं इन्हें रोकने टोकने, भगाने, हंकाने व निकालने वाला कोई नहीं होता। कभी कभी तो पार्क के अंदर घोड़े भी बंधे देखे गए हैं। यदा कदा जब पार्क के केयर टेकर कर्मचारियों की नींद टूटती है जब कहीं जाकर इन पशुओं को पार्क से बाहर खदेडा जाता है। ये हाल है जिला मुख्यालय में बने दोनों पार्को का।

गौरतलब है कि अंबेडकर पार्क में बीते साल ही मेंटनेंस के नाम पर लाखों रूपए खर्च किया गया था। अब तक लाखों रूपए अलग अलग वर्षो में टूटफूट रिपेयर, मेंटनेंस के नाम पर खर्च किया जा चुका है मगर हालात आज भी जस के तस हैं। शाम के वक्त पार्क खुलता है लोग पार्क में घुमने टहलने जाते भी हैं मगर पार्क के अंदर जब गाय, बकरी, कुत्तों को घुमते टहलते लोग देखते हैं तो सहम जाते हैं क्योंकि ये जानवर पार्क के अंदर जहां तहां गंदगी कर देते हैं। पार्क की सुंदरता को खराब करते हैं। ऐसे में पार्क की भव्यता को किस तरह से बनाए रखा जा सकता है। अंबेडकर पार्क हो या दंतेश्वरी सरोवर पार्क इन दोनों की देखरेख का जिम्मा नगर पालिका विभाग की है। मगर सभी जानते हैं नगर पालिका के कार्य पद्धति को। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की नींद तभी टूटती है जब इन विषयों की शिकायत कोई उन तक पहुंचाता है। हाल ही में अंबेडकर पार्क के अंदर पशुओं को विचरण करते देखा गया है जिसकी चलचित्र भी एक पर्यटक ने अपने मोबाईल में कैद किया था यह इस बात का प्रमाण है कि पार्क का सही देखरेख पालिका नहीं कर रही जिसके चलते पार्क की सुंदरता एवं रौनक धीरे धीरे खत्म होती जा रही है। दंतेश्वरी सरोवर पार्क में कुछ साल पूर्व लाखों रूपए खर्च कर कलर लाईट, फव्वारे, सीसी कैमरे, नौका वोट समेत कई प्रकार के सामान खरीदे गए थे आज सब बंद पडे हैं सारी लाईट पार्क से चोरी चली गई है। न कैमरे काम कर रहे हैं न फव्वारे चल रहे हैं ना ही पार्क में पर्याप्त लाईटें ही जल रही है। पार्क का वो आनंद यहां के आमजन नहीं उठा पा रहे जिसके लिए पार्क बना होता है। लोग जाते हैं पार्क के अंदर टहलते हैं समय काटते हैं बाहर निकलकर ठेलों पर चाट, पानी पुरी खाते हैं और घर चले जाते हैं। सवाल यह कि लाखों खर्च कर बनाए गए पार्क का आखिर क्या औचित्य जब इसका फायदा जनता को मिल ही नहीं पा रहा?

# जिले के नये कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संभाला पदभार



**सुकमा,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नये कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।वह जिले में 10 वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलौदाबाजार अनुविभाग के एसडीएम, बीजापुर जिले में बीजापुर अनुविभाग के एसडीएम, नारायणपुर जिला पंचायत सीईओ और दुर्ग जिले के भिलाई नगर निगम आयुक्त के रूप में दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। श्री ध्रुव 2018 बैच के आईएएस हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर, एपीओ श्री बलवंत मार्को, डीएमएम श्री सत्यप्रकाश तिवारी, अधीक्षक श्री रिंकू देवांगन, रीडर श्री जितेन्द्र दीवान, स्टेनो सुरेश प्रभाकर, जनसम्पर्क जिला समन्वयक श्री किशन कुमार उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान श्री ध्रुव ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यो को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित जिला नाजिर कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, एनआईसी कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, राजस्व लेखा शाखा, नजारत कक्ष, आवक-जावक कक्ष आदि का निरीक्षण किया।

# पुलिस ने 2 घंटे के अंदर राकेश कश्यप को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल,18 सितंबर।** दिनांक 16.09.2024 को आवेदक शेख नाजिम पिता श्री शेख करीम उम्र 25 वर्ष निवासी मेन मार्केट किरन्दुल, थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.09.2024 के प्रात~ करीबन 08.00 बजे से 09.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा घर अंदर रखे सुपर स्पलेंडर वाहन क्रमांक छ्त्त-18-च्-8628 को घर का ताला तोड़कर वाहन को चोरी कर ले जाने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 303(2), 331 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान उक्त चोरी की पता साजी हेतु पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा श्री गौरव राय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर के वर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल श्री कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किरन्दुल निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व मे,स्ढ्ढ अनिल पामभोई, के. सीमाचलम, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल का अलग अलग टीम गठित कर चोरी हुए मोटर सायकल की पता तलाश हेतु थाना किरन्दुल के अंदरूनी ग्राम, बचेली में पता तलाश हेतु रवाना किया गया था जो आरोपी पता तलाश दौरान बचेली क्षेत्र के सक्रिय चोर राकेश कश्यप उर्फ तिरछी पिता स्व. रमेश कश्यप उम्र 25 वर्ष निवासी हितावर माहरापारा, थाना कुआकोंडा हाल पुराना मार्केट शितला मंदिर के पास बचेली रात्रि करीबन 9.30 बजे नया बाजार स्थल किरन्दुल के पास घूमते हुए पाया गया जो पुलिस पार्टी को देखकर लुक छिप रहा था पुलिस पार्टी द्वारा राकेश कश्यप उर्फ तिरछी से पूछताछ करने पर मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करते हुए, मोटर सायकल को नया बाजार स्थल किरन्दुल के सामने श्मशान घाट में छिपाकर रखना बताने से मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 35(1)(ड़)(द्बद्ब) ब्ह्रस्स् के तहत कार्यवाही की गई है। थाना बचेली में उक्त आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 67/2017 धारा 294,323,506 बी भादवि, 34/2018 धारा 309 भादवि, 44/2018 धारा 309 भादवि, 55/2018 धारा 323, 307 भादवि तथा 29/2017 धारा 107,116(3) द.प्र.सं., 07/46/2017 धारा 151, 107, 116(3) द.प्र.सं., 01/2018 धारा 107,116(3) द.प्र.सं., 26/2018 धारा 107,116 द.प्र.सं.,, 36/2018 धारा 107,116(3) द.प्र.सं., 05/45/20223 धारा 151, 107, 116(3) द.प्र.सं., 91/2023 धारा 107,116(3) द.प्र.सं. पंजीबद्ध होना पाया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सउनि. अनिल पामभोई, के. सीमाचलम, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक गुमान सिंह, रूकचंद नाग, धनंजय गंजीर की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों के खाते में 1.70 करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित

**कांकेर, 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती एवं छत्तीसगढ़ श्रम दिवस के अवसर आज राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन-2024 का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन द्वारा छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेष के श्रमिकों व उनके परिवार के सदस्यों को डॉरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से राषि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।उक्त श्रमिक सम्मेलन में कांकेर जिले के कुल 03 हजार 936 श्रमिकों को 01 करोड़ 70 लाख 45 हजार 348 रूपए से लाभान्वित किया गया। उक्त रा श्रमिक औजार सहायता योजना के 273 श्रमिकों को रूपये 09 लाख 61 हजार 309, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 15 हितग्राहियों को रूपए 22 हजार 500, मुख्यमंत्री नोनी बाबु मेधावी षिक्षा सहायता योजना के 82 हितग्राहियों को रूपये 04 लाख 40 हजार 500 की राशि शामिल है।

# श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सुकमा,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को जिले से 22 रामभक्तों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुगण बस से सोमवार को सुकमा से दुर्ग के लिए रवाना हुए। मंगलवार को दुर्ग से आस्था विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियो ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम लला के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है।एपीओ जिला पंचायत श्री कैलाश कश्यप ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी उपस्थित हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के द्वारा राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन कराने हेतु श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत् विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन कराया जा रहा है।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत जरूरी : राजवाड़े

**कांकेर, 18 सितंबर ।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज समीप के ग्राम गढ़पिछवाड़ी के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन किया तथा उनके उत्कृष्ट कलात्मक मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि कोई भी प्रतिभा छोटी या बड़ी नहीं होती। आज के बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना बहुत जरूरी है तथा सरस्वती शिक्षा संस्थान इस कार्य में अन्य संस्थाओं की अपेक्षा कहीं अधिक अग्रणी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं अनुशासित होना आवश्यक है तभी वे अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण करना भी है और यह संस्थान भलीभांति अपना कर्तव्य निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद श्री मोहन मण्डावी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम भी उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा सहित संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### मूक-बधिर बच्चों के बीच मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



प्रदेश की समाज कल्याण एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम आज शाम को जिले के प्रवास के दौरान ग्राम कोदाभाट स्थित शासकीय श्रवण बाधितार्थ आवासीय विद्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने मूक-बधिर बच्चों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान बच्चों ने गीत सुनाकर उनका स्वागत किया, जिससे वे काफी प्रसंन्न हुईं साथ ही बच्चों से विद्यालय में मिलने वाले भोजन, यूनिफॉर्म आदि के बारे में पूछा। तत्पश्चात उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों से केक कटवाया और सभी बच्चों को एक-एक करके अपने हाथों से केक और मिठाइयां खिलाईं। समाज कल्याण मंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे भी गद्गद् हो गए। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा, श्री राजीवलोचन सिंह सहित आवासीय विद्यालय स्टाफ मौजूद थे।

# भाजपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर सूना रहा भाजपा जिला कार्यालय



**सुकमा,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिस नेता ने प्रदेश अध्यक्ष बनकर पूरे सुकमा जिला को गौरान्वित किया आज उसी नेता के जन्मदिन पर सुकमा जिला के भाजपा नेताओ ने कही भी एक भी कट आउट से लेकर पोस्टर तक नहीं लगाया गया वहीं जिला भाजपा कार्यालय भी सुना नजर आ रहा है वीडियो और फोटो से अवलोकन कर सकते है भाजपा मे कितनी गुटबाजी है सुकमा जिले मे एक और उनके भतीजे छोटे बाबा ने सुकमा मे बेनर पोस्टरों से पाट दिया है 2 दिन से माननीय किरण देव जी की जन्मदिन की तैयारी की जा रही फिर भी भाजपा के नेताओ द्वारा कोई भी तैयारी न करना कई संदेह को जन्म देता है सुकमा के माटी पुत्र के जन्म दिन को भूलना कहीं न कहीं दो नाव मे पैर पाव रखने जैसा संगठन पर भारी सत्ता सुकमा में तो भैया के नाम से धौंस और वसूली चल रही है तो संगठन का क्या जरूरत। मै प्रदेश सचिव होने के नाते सुकमा के माटी पुत्र किरण देव जी भैय्या को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देता हूं आपके नाम से भी सुकमा जिला को जाना पहचाना जाता है आप हमेशा खुश रहें और तरक्की करे यही शुभकामनाएँ है भैया।

# कलेक्टर ने पालीटेक्निक कॉलेज में मां के नाम पर पौधा लगाया

**सुकमा,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुकमा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए जीवन में अधिक से अधिक पेड़-पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने आमजनों से पौधरोपण में सहभागिता की अपील की।इस दौरान डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल सहित वन विभाग के आधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### छायाचित्र प्रदर्शनी का वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया शुभारंभ



**रायगढ़, 18 सितम्बर।** नगर निगम ऑडिटोरियम में विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ वित्त मंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने किया। फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक समाहित है। फोटो प्रदर्शनी में बच्चों के प्यारे मोदी जी, जनभागीदारी जन-जन की सामूहिक हिस्सेदारी, जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी का निर्णायक नेतृत्व, नारी शक्ति से देश की तरक्की, ड्रिम बिग, वाटर ग्रिड, सोलर प्लांट, बचपन की पाठशाला से, गुजरात मॉडल, अभूतपूर्व विकास अनुपम परिणाम, हिमालय की गोद में, देश की संस्कृति का गौरव से प्रदर्शन, मोदी के साथ दुनिया योग पथ पर, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, खेल से बढ़ाया तालमेल, युवाओं को रोजगार सहित विभिन्न उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई गई। जिसका बड़ी संख्या में पीएम आवास के हितग्राही, ग्रामीण जनसामान्य ने कौतुलतावश अवलोकन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के साथ विकसित भारत बनाने की नीव व लोक कल्याण कारी योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास को यह फोटो प्रदर्शनी उत्कृष्ट रूप से प्रदर्शित कर रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, पार्षद श्री पंकज कंकरवाल, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जनसामान्य उपास्थित रहे।

### शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभःराज्यपाल

**रायगढ़, 18 सितम्बर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों से विकास एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने जल संरक्षण एवं जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, परंपरागत एवं जैविक खेती प्रोत्साहन, टी.बी.उन्मूलन, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल श्री डेका ने जिले में टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिले में टीबी टास्कफोर्स का गठन कर टीबी उन्मूलन के लिए कार्य किया जा रहा है। टीबी मित्र के तहत मरीजों की पहचान कर उनके उपचार का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है साथ ही अतिरिक्त पोषण आहार भी दिया जा रहा है। राज्यपाल श्री डेका ने टीबी उन्मूलन के लिए बेहतर मॉनिटरिंग करने एवं इसके इलाज को लेकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने रेडक्रॉस के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही रेडक्रॉस के चुनाव कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री डेका ने वृक्षारोपण को लेकर विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसे जीवित रखने को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने पौधरोपण के लिए जल्दी विकसित होने वाली पौधों की प्रजातियों के चयन की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि जिले में विभागीय समन्वय से वृहद पौधरोपण किया गया है, जिसमें ब्लॉक प्लांटेशन पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। जिले में विशेष रूप से पीपल फॉर प्यूपील अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल श्री डेका ने परंपरागत कृषि एवं जैविक खेती प्रोत्साहन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जैविक कृषि को बढ़ावा देने किसानों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री डेका ने जिले के सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों के रखरखाव के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि जिले में शैल चित्रों के बहुत से स्थल हैं इसके रखरखाव को लेकर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल श्री डेका ने ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों से जुड़ी जानकारियां डिजिटल रूप से भी संग्रहित करने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल की अव्यवस्था पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,18 सितंबर।** कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। जिला अस्पताल में अव्यवस्था पाए जाने पर सिविल सर्जन पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मरीजों के इलाज की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सक्रियता के साथ कार्य करते हुए सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को ईलाज करवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सिविल सर्जन को गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। साथ ही विगत दिवस कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के अनुपस्थिति के संबंध में उनसे लिखित में कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर नगर पंचायत कोपरा एवं फिंगेश्वर के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि आमजनों एवं जनप्रतिधियों से दुर्व्यवहार की घटना नहीं होनी चाहिए। शासकीय सेवक को संयमित भाषा एवं व्यवहार को कार्यशैली में अपनाना चाहिए। उन्होंने शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को गंभीरतापूर्वक संचालित करने तथा हितग्राहियों की संतुष्टि अनुरूप आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में विभागों में समय-सीमा के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनका तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में व्यक्तिमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरतापूर्वक की जाए। संवेदनशीलता के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाई जाए। साथ ही इसकी जानकारी अधीनस्थ कार्यालयों एवं मौदानी अमलों तक पहुंचाई जाए। जिससे आमजन शासकीय कार्यो से लाभान्वित हो पाए। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्यता के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य, खनिज, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, पीएचई सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी अधिक लोगों को रेडक्रॉस की सदस्यता ग्रहण करने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करने को कहा। कलेक्टर ने पेंशन हितग्राहियों के आधार अपडेशन के कार्यों को एक हफ्ते में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नशामुक्ति भारत अभियान के तहत वृहद स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने 01 नवम्बर तक स्वच्छता के क्षेत्र में सभी विकासखण्डों में एक-एक मॉडल ग्राम बनाने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने शत प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने, जनऔषधि केन्द्रों को क्रियाशील करने, नोडल अधिकारियों को हास्टकलों का निरीक्षण करने, पीएम जनमन योजना से लाभान्वित करने, जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण सहित ओबीसी सर्वे के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के भी निर्देश दिये।

## कलेक्टर,जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**बीजापुर,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्पना थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय के हृदय स्थल स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने किया गया। शिविर को व्यापक जनसमर्थन मिला कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, पार्षद श्री नंदकिशोर राणा सहित जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बीजादूतीर स्वयं सेवकों सहित स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर का अवलोकन करने वालो को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण जिला जनसंपर्क कार्यालय बीजापुर के कर्मचारियों द्वारा किया गया।छाया चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए ÷एक पेड़ मां के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल इकोनॉमी-जन-जन को बैंकिंक सुविधा, नए अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरता भारत, आतंकवाद के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, औपनिवेशिक काल के कानूनों में बदलाव एवं नवीन न्याय संहिता को लागू करना, भारतीय सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, जन भागीदारी से देश को नई दिशा, भारत का गौरव बढ़ाती उपलब्धियां, जनधन योजना, देश में अधोसंरचना का तेजी से निर्माण, एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार, एक ग्रिड, एक राशन कार्ड, एक संविधान और वोकल फार लोकल आदि विषयों को छाया चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रसंगो को भी दर्शाया गया है।

## अमिताभ बच्चन से भाई महावीर ने की मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,18 सितंबर।** सदी के महानायक बिग बी अमिताभ बच्चन की अभिनय प्रतिभा और उनके विराट व्यक्तित्व से विश्व के लोग कायल हैं। साथ ही उनकी एक झलक पाने व उनके संग क्षणभर व्यतीत करना भी बड़े ही सौभाग्य की बात होती है। साथ ही लंबे अरसे तक प्रतीक्षा भी करनी पड़ती है, तब भी उनका सामिप्य नहीं मिल पाता और ना ही एक झलक भी नहीं मिल पाती। जब उनके साथ किसी को सामिप्य मिलता है, उनके साथ जब पल भर के लिए भी आत्मीय मुलाकात होती है तो उस क्षण के खुशी के पल को बयां करने से ही उस शख्स का हृदय आत्मीय स्नेह से भर जाता है साथ ही श्रद्धा से उसके नयन भी सजल हो जाते हैं। कुछ यूँ ही सुअवसर मिला शहर के नामचीन समाजसेवी बेहद मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी भाई महावीर अग्रवाल जिनकी मुलाकात जब सदी के महानायक से हुई तो उनके लिए वह क्षण जीवन भर का आत्मीय सुखद क्षण बन गया जो अब सदैव जेहन से विस्मृत होना उनके लिए नामुमकिन है।

### केबीसी सेट पर हुई मुलाकात

भाई महावीर ने बताया कि विगत 6 सितंबर को केबीसी के सेट पर सदी के महानायक बिग बी से मुलाकात करने का मुझे परम सौभाग्य मिला। मेरी बरसों से दिली ख्वाहिश थी कि उनसे आत्मीय मुलाकात हो और उनका दिल से सम्मान व उन्हें नमन् करने का सौभाग्य मिले। वक्त और तक़दीर ने भी मेरी बरसों की अंतस विकलता को समझते हुए साथ दिया और मुंबई में केबीसी के सेट पर यह सुखद क्षण आया। उस पल की खुशी को बयां करना मेरे लिए नामुमकिन है। उनकी आत्मीयता और स्नेह पाकर मैं बेहद अभिभूत हो गया। खुशी से मेरा हृदय से भर गया तो उनके प्रति श्रद्धा से मेरी आँखें भी सजल हो गईं और वह पल मेरे लिए जीवन का सुखद व यादगार बन गया है।

### सचमुच में विराट है उनका व्यक्तित्व

भाई महावीर ने बताया कि इतने महान व्यक्तित्व से इतनी सामिप्यता के साथ हमारी सपरिवार आत्मीय मुलाकात हुई। उनके प्रति मेरा सिर बड़ी श्रद्धा से झुक गया। उन्होंने भी मुझे पल भर में जीवन का असीम प्यार दिए। मुझे यूँ लगा कि सदियों से इनसे मेरा नाता है। जब मैंने उनके पिताजी महान कवि स्व. हरिवंशराय बच्चन की कविता सुनाई और बताया कि बचपन में नागपुर के कवि सम्मेलन में उनका दर्शन हुआ था और उन्होंने ही मुझे राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया थे तब से राष्ट्रीय हिंदी कवि सम्मेलन में अपना हर संभव योगदान दे रहा हूँ और अपने रायगढ़ में कवि सम्मेलन संयोजक का दायित्व निभा रहा हूँ। साथ ही मैं बचपन से आपकी फिल्में देख रहा हूँ और आपके व्यक्तित्व से मुझे प्रेरणा व नवीन ऊर्जा मिलती है तब बिग बी साहब और भी अत्यंत प्रसन्नचित्त हुए। जब मैं उनके लिए दो पंक्तियाँ पढ़ी साथ ही रायगढ़ सांस्कृतिक नगरी की महत्ता को बताकर आने का निमंत्रण दिया तो श्री बच्चन साहब मंद-मंद मुस्कुराकर बेहद खुश हो गए और जब कहा कि आपके विराट हृदय में मेरा भी स्नेह और स्थान रखिएगा तो सदी के सुपर स्टार श्री बच्चन साहब पुलकित हो गए वहीं उनकी आँखों में अपार अपनत्व भाव देखकर मेरा हृदय पुलकित हो गया। वास्तव में उनसे निकट मिलकर उनका प्यार पाकर जाना कि सचमुच में वो बिग बी हैं। विराट व्यक्तित्व के धनी हैं और सदी के महानायक हैं और पूरी दुनिया के लोग यूँ ही नहीं कायल हैं। श्रद्धेय सदी के महानायक बिग बी अमिताभ बच्चन को मेरा कोटि-कोटि नमन। ईश्वर उनको निरोग व दीर्घायु बनाएं ताकि समाज के लोगों को भरपूर उनका स्नेह व साथ मिलता रहे।

### आबकारी अमले ने ओडिशा में बनी 22 लीटर शराब जब्त की



**महासमुंद 18 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी टीम बागबाहरा द्वारा सोमवार को छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम देवरी थाना कोमाखान के निवासी राकेश पटेल के आधिपत्य से एक प्लास्टिक बोरी में 35 नग हिरन छाप पाउच कुल 7 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए बरामद कर जप्त किया तथा मौक़े पर गिरफ्तार किया गया। इसी तरह गश्त के दौरान बोईरगाँव थाना कोमाखान पहुंचे, जहाँ एक व्यक्ति आबकारी वाहन को देख कर भाग गया। उसका पीछा किया गया किन्तु पकड़ में नहीं आया। स्थल पर पहुंचने पर एक प्लास्टिक बोरी में 75 नग हिरण छाप पाउच कुल 15 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कीमत 3000 रुपए बरामद कर जप्त किया गया। पतासाजी करने पर आरोपी के बारे में पता नहीं चल पाया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।उक्त दोनों प्रकरण में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), 36 ,59 (क) का गैर जमानतीय अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

## स्कूली विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए किया गया जागरूक



**बीजापुर,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में विद्यार्थियों के स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया।कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों को स्वच्छता का शपथ दिलाते हुए स्वयं को स्वच्छ रखने स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से अपने घर से, अपने आस-पास से करने स्वच्छता के लिए हर वर्ष 100 घंटे तथा हर सप्ताह 02 घंटे समय देने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर 02 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता विषय पर केन्द्रित रहेगा। जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत ÷स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छ भारत दिवस पर पूर्ण होगा।इस दौरान विद्यार्थियों के स्वच्छता जागरूकता रैली को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने रवाना किया उक्त रैली स्वामी आत्मानंद स्कूल से शुरू होकर लोहा डोंगरी में स्वच्छता हेतु श्रमदान के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, पार्षद श्री नंदकिशोर राना, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश निषाद, सीएमओ री पालदास, बीईओ श्री डालेन्द्र देवांगन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, मीडिया प्रतिनिधि सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ग्रामीण अंचलों में भी दिखा स्वच्छता के प्रति जागरूकता- बीजापुर जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉकों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का व्यापक स्तर पर शुभारंभ हुआ ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति समर्पित होकर स्वयं को घर, परिवार एवं समाज को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी गई।

## एनएमडीसी को वर्ष 23-24 के लिए राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हैदराबाद, 18 सितंबर।** एनएमडीसी लिमिटेड, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी को 'ग' क्षेत्र में स्थित उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2023-2024 के लिए प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह 2024 और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया । राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एनएमडीसी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । एनएमडीसी की ओर से श्रीमती जी. प्रियदर्शिनी, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने श्री नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री से यह अवॉर्ड प्राप्त किया । इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह और राज्यसभा के सदस्य श्री सुधांशु त्रिवेदी उपस्थिति थे । इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा कि, ÷यह पुरस्कार एनएमडीसी की हिंदी के प्रयोग एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति इसकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है । हम अपने प्रचालनों में राजभाषा के प्रति अपने प्रयासों में निरंतर प्रगति करने पर गर्व का अनुभव करते हैं । एनएमडीसी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को सदैव सर्वोच्च महत्व दिया है और इसे अनेक राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुए हैं । कंपनी के प्रयासों को इस्पात मंत्रालय ने इस्पात राजभाषा सम्मान तथा हैदराबाद, तेलंगाना के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने इस वर्ग के सर्वोच्च स्तर के राजभाषा अवॉर्ड से सम्मानित किया है ।

## स्कूलों के लिए 95 लाख की तिरपाल खरीदी वाली खबर भ्रामक एवं तथ्यहीन :डीईओ

**बीजापुर,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोशल मीडिया में वायरल खबर बीजापुर में नव संचालित स्कूलों के लिए 95 लाख का तिरपाल खरीदी वाले खबर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद ने कहा कि 12 सितंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी तरह से भ्रामक खबरे प्रसारित की गई है। वर्तमान में शिक्षा विभाग माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के अधीन विभाग है। ऐसे भ्रामक खबरे बिना किसी तथ्य से प्रकाशित करना शासन की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास है।जिले के सुदूर क्षेत्रों में नक्सल प्रभाव से बंद स्कूलों को पुनः संचालित किया जा रहा है। यह संस्थाएं भवन विहीन होने के कारण झोपड़ी में संचालित है। उक्त संस्थाओं हेतु भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रस्तावित है। उन शालाओं में बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए झोपड़ियों को ढकने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से 4,98,800 रूपए। चार लाख अन्ठानबे हजार आठ सौ रूपए के प्रशासकीय स्वीकृति के तहत तिरपाल एवं मेट क्रय करते हुए पुनः संचालित 108 शालाओं को प्रदाय किया गया है।

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही सरकार का लक्ष्य:मोदी




**रायगढ़, 18 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल में आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मोर आवास-मोर अधिकार का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में आयोजित हुआ। मौके पर राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी उपस्थित रही।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महत्वपूर्ण और खुशी का दिन है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यहां आपको गृह प्रवेश करवाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के सतत विकास के लिए शासन निरंतर कार्य कर रही है। शासन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पीएम आवास के कार्यों को प्राथमिकता से कर रही है। जिससे बड़ी संख्या में लोगों का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के गृह प्रवेश कर रहे हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार के लिए आज संतुष्टि का दिन है। राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपना साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर पार्षद श्री पंकज कंकरवाल, श्री राजेन्द्र ठाकुर, श्री पदुमलाल परजा, श्री मुक्तिनाथ बबुआ, श्री डिग्री लाल साहू, श्री सुरेश गोयल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आवास हितग्राही उपस्थित रहे। वरिष्ठ महिला हितग्राहियों के पैर धोकर किया गया सम्मान, सौंपी घर की प्रतीकात्मक चॉबी वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज पीएम आवास योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के लगभग 900 से अधिक हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चॉबी प्रदान कर गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने दो वरिष्ठ महिला हितग्राही धरमजयगढ़ निवासी श्रीमती खिमला राठिया एवं लैलूंगा की श्रीमती सलमा मोमिन के पैर धोकर सम्मान करते हुए घर की चॉबी सौंपी। ज्ञात हो कि रायगढ़ शहरी क्षेत्र अंतर्गत 9620 स्वीकृत आवासों में 8133 पूर्ण हो चुके है, जिसमें से 900 से अधिक हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्थायी प्रतीक्षा सूची के 38,796 एवं आवास प्लस के 6305 कुल 45,101 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जो कि छत्तीसगढ़ के जिलों को प्राप्त सर्वाधिक लक्ष्य में 5 वें स्थान पर है। जिले के 26,255 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की गई है। जिले में विगत एक वर्ष में 12,589 आवास पूर्ण किए गए है।

### वित्त मंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित सांसद, जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकों ने साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की शपथ ली। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा 17 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता अभियान शहर में चलाई जाएगी। इस दौरान केलो महा सफाई अभियान सहित प्रति दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा ने सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत जिला अस्पताल की साफ-सफाई की



**बीजापुर,18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री निवास मुदलियार के नेतृत्व मे सेवा सप्ताह पखवाड़ा के अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर मे स्वच्छता अभियान के तहत पूरे जिला अस्पताल परिसर मे साफ सफाई किया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष के अलावा जिला महामंत्री सतेन्द्र ठाकुर गोपाल पवार घासी राम नाग जिला राम राना सुखलाल पुजारी उर्मिला तोकल बंसती लिंगम माया झाडी अशोक राव हरिहर साहनी फूल चंद्र गागडा रविंद्र झाडी हरिश बेल सरिया और मैथ्यूज कुजूर मुकेश राठी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो कोचियों को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 18 सितंबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.09.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम यदू खम्हरिया एवं पुरानी बस्ती बलौदाबाजार में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?5920 कीमत मूल्य का कुल 12.500 लीटर महुआ शराब एवं 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर, दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### स्वच्छता के नारे लगाते रैली निकाली

**छुरा 18 सितंबर।** स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत सरकार आवास एवम शहरी कार्य मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवम विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य के नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। पखवाड़े के प्रथम दिन स्वच्छता रथ को नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकार, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव ,नेता प्रतिपक्ष हरीश यादव एवम अधिकारी कर्मचारियों के उपस्थिति में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया एवम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से रसेला रोड में सफाई कर स्वेच्छिक श्रम दान किया गया। मुक्तिधाम, राजा तालाब एवं नया तालाब के पास एक पेड़ मां के नाम थीम पर स्काउट गाइड के सहयोग से पौधारोपण किया गया। आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा द्वारा बस स्टेंड से लेकर राजा तालाब तक रैली निकाली गई जिसमे तालाब में बने स्वच्छ विषर्जन कुंड में पूजा सामग्री डालने हेतु जागरूक किया गया। नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### गांव-गांव स्वच्छता का संदेश देने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**बलौदाबाजार,18 सितंबर।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आज से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024''का आगाज किया गया। इस कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा स्वच्छता का संदेश देने प्रचार रथ को जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सनम जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी,एसपी विजय अग्रवाल,जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के 3 स्वच्छग्राही समूह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मां गायत्री स्व सहायता समूह अमेरा,महिला स्व सहायता समूह भद्रापाली,जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह पुरैना खपरी शामिल है। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की उक्त प्रचार रथ 2 अक्टूबर तक जिले के गांव गांव में जाकर स्वच्छता का संदेश देंगे। गौरतलब है की उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित है जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा।

# मढ़ी में निर्माणाधीन गौरी गणेश कंपनी से कई गांवों के लोग हैं चिंतित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 18 सितंबर।** ब्लॉक के ग्राम मढ़ी में बन रहे गौरी गणेश कंपनी से ग्रामीणों में भय पनपने लगा है। इसलिए कि भविष्य में यह इस्पात संयंत्र दर्जनों गांवों के आबादी के लिए जान का दुश्मन साबित होगा। न केवल प्रदूषण फैलेगा बल्कि आसपास के खेतीबाड़ी बंजर हो जाएगी। आसपास गांव के लोग भविष्य और आने वाली पीढ़ी के जीवन को सुरक्षित रखने एक बार फिर से कंपनी की एनओसी रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि, मढ़ी में एक बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। दो साल पहले जब कंपनी की जनसुनवाई हुई थी तब ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया था। बावजूद इलाके का ध्यान रखें बिना प्रशासन ने कंपनी को स्वीकृति प्रदान कर दिया था। इसके बाद भी कई बार विरोध प्रदर्शन ग्रामीणों ने किया था। लेकिन कोई परिणाम नहीं आया। लिहाज़ा, साल भर से कंपनी का निर्माण चल रहा है। जो आगामी कुछ महीनों में प्रारंभ भी हो जाएगी। अब ग्रामीणों को एक बार फिर भविष्य की चिंता सताने लगी है। क्योंकि यह क्षेत्र अब प्रदूषण और अपराध का गढ़ बनने जा रहा है। आसपास का खेती बर्बाद तो होगा ही इससे भी बड़ा नुकसान लोगों के स्वास्थ्य का होगा। कहीं यह क्षेत्र सिलतरा-उरला जैसा इलाका न बन जाए इसलिए ग्रामीण अभी से भविष्य के प्रति सचेत होने लगे हैं। बता दें कि, निर्माणाधीन कंपनी में अभी से श्रम नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। न तो सुरक्षा और सेफ्टी पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही उचित मेहनताना। 12-12 घंटे तक काम लेकर मजदूरों का शोषण भी कंपनी बेखौफ होकर कर रहा है। न तो यहां सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता है और न ही मजदूरों के लिए सुविधा मुहैया कराई गई है। शुरू से ही विवादों में रहा कंपनी वादों के नाम पर सिर्फ़ धब्बा ही लगाया है। लोगों को बीमारी बांटने और असमय मौत देने का जो मास्टरप्लान कंपनी ने बनाया है। इसके चंगुल में अब गांव के भोलेभाले लोग फंसते जा रहे हैं। ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखे बिना बर्बादी का जो स्क्रिप्ट मिलीभगत करके प्रशासन और मालिक ने लिखा वह अब लोगों के गले का फांस बनता जा रहा है। निर्माणाधीन कंपनी के निर्माण पर रोक लगेगी या लोगों को बर्बाद करने का जिम्मा इनके हाथों में सुरक्षित रहेगी यह तो समय बतायेगा लेकिन इलाके का तबाह होना निश्चित है।





**नजदीक में स्कूल, बच्चों की पढ़ाई होगी प्रभावित :** निर्माणाधीन गौरी गणेश कंपनी से बिल्कुल लगा हुआ शासकीय हाईस्कूल है। जहां आसपास गांव के बच्चे भविष्य गढ़ने आते हैं। कंपनी के शोर, धूल, डस्ट और वाहनों के आवागमन से पढ़ाई बूरी तरह प्रभावित होगी। स्कूली बच्चों का कहना है कि, स्कूल की चिंता न तो पंचायत को है न प्रशासन को। कंपनी वाले तो शुरू से ही स्कूल बंद करवा देने की धमकी देते आ रहे हैं। ऐसे में बच्चे अपने उज्जवल भविष्य को अंधकार के गर्त में समाते हुए देख डरे हुए हैं। कंपनी द्वारा स्कूल और आवासीय क्षेत्र में ही मुख्य द्वार का निर्माण करवाया गया है। जहां मालवाहक गाड़ियां बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती है। मेनगेट को हटाने ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था। लेकिन निर्णय कंपनी के ही पक्ष में आ गया और डंके की चोट पर गेट तान दिया गया। मेनगेट के करीब ही बस्तियां है। मोहल्ले के लोगों का जीना अभी से दूभर हो गया है। जब कंपनी शुरू हो जाएगा तो परेशानी भी बढ़ जाएगी।

**करीब के धार्मिक स्थल में धूल का साया:** कंपनी से महज आधे किलोमीटर की दूरी पर छत्तीसगढ़ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक मां बंजारी धाम स्थित है। जहां रोज हजारों भक्त मत्था टेकने पहुंचते हैं। सालभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। कंपनी जब जहर उगलेगा तो इसकी काली जहरीली धुआं यहां की खूबसूरती और सौंदर्य पर दाग लगायेगा। न केवल प्रदूषण फैलेगा अपितु यहां की आस्था पर भी आघात पहुंचेगा। आसपास का इलाका शुरू से वनों की हरियाली ओढ़े हुए है जो कुछ महीनों में मैला होने वाला है। मां बंजारी की छाया में आसपास का गांव पुष्पित और पल्लवित हो रहा है जहां अब सिर्फ़ काले धुएं का साया नजर आएगा। कंपनी से महज 300 मीटर की दूरी पर शासकीय संजय निकुंज स्थापित है। उद्यान विभाग के इस नर्सरी में पेड़-पौधों की देखभाल कर विकसित किया जाता है। फलदार और छायेदार पेड़-पौधे यहां रोपित है। हरी-भरी इस हरियाली के लिए भी कंपनी जानी दुश्मन बना हुआ है। कंपनी के अस्तित्व में आते ही यह नर्सरी भी संभवतः बंजर हो जाएगी। फिर भी जिम्मेदारों को इसकी कोई चिंता नहीं है।

**अपराध और दुर्घटना अभी से बढ़ने लगे है :** ग्रामीणों ने कंपनी से लगा हुआ शासकीय स्कूल और धड़ल्ले से खुल रहे होटल-दुकानों के संबंध में भी शिकायत किया था। साथ ही चारागाह भूमि और अतिक्रमण की बात पर भी चिंता जाहिर किया था। बता दें कि, कंपनी के आसपास डंके की चोट पर खुल रहे होटल और दुकानों के कारण इलाके में लगातार हादसे हो रहे हैं। मुख्य द्वार बस्ती से लगा होने से भारी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। बंजारी मोड़ इन दिनों अघोषित ब्लैक स्पॉट बन गया है। आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। जनवरी माह में यहां पर चार-पांच दुर्घटना हुई। जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। उक्त तिराहे पर सड़क में ही बेतरतीब ढंग से होटल-दुकान चल रही है। जिससे यहां सुबह से आधी रात तक लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। कंपनी खुलने के कारण यहां होटल-दुकान खोलने की होड़ मची हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि, बीच सड़क पर ही मुरुम रख देने से एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इतनी भयंकर दुर्घटना कि मंजर देख हर किसी की रूह कांप उठी।इसके बावजूद दुकानों को बंद कराने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई। आसपास का इलाका तीन थानों नेवरा-खरोरा-सिलयारी का सरहदी क्षेत्र है। फिर भी यहां किसी भी थाने की पेट्रोलिंग टीम झांकने तक नहीं आती है।

**सड़क पर बाहरी लोगों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा :** शाम होते ही आसपास के सड़कों पर बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। कंपनी में काम करने वाले वर्कर छुट्टी के बाद देर रात तक सड़कों में डेरा डाले रहते हैं। करीब में धार्मिक स्थल बंजारी धाम है जिसके कारण रात तक लोगों का गुजरना होता है। पास में ही शासकीय उद्यान और बाड़ी है यहां भी काम करने वाले लोग देर शाम तक घर लौटते है। सड़कों में लगे बेवजह की भीड़ से लोग डरे सहमे आना-जाना करते हैं। कंपनी से लगा हुआ शासकीय स्कूल भी है। स्कूली बच्चे इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं। बाहरी लोगों और असामाजिक तत्वों का झुंड सड़क किनारे बैठे रहते है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

**बिक रही शराब, सड़क किनारे छलकते हैं जाम:** शाम होते ही यहां के सड़कों पर पियक्कड़ों और गंजेड़ियों की महफिल सजती है। देर रात तक आम रास्तों में ही बैठकर शराबखोरी करते हैं। बंजारी धाम के पास स्थित खदान के आसपास, नकटी नाले के आसपास , कंपनी के आसपास होटलों-दुकानों, बंजारी मोड़ मढ़ी, श्मशानघाट आदि क्षेत्र इन दिनों शराबखोरी का सुरक्षित अड्डा बन गया है। मढ़ी सहित कंपनी के आसपास अवैध शराब की बिक्री हो रही है। रात तक शराबी यहां अश्लील गालीगलौज करते हुए गुलछर्रे उड़ते है। इलाके के मंदिर देवालय भी सुरक्षित नहीं है। यहां भी असमाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। कुछ किलोमीटर के अंदर आसपास ही अवैध शराब बिकती है लिहाजा, आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। इलाके की पेट्रोलिंग करने पेट्रोलिंग पुलिस के पास फुर्सत नहीं है।

# साफ सफाई एवं श्रमदान कर कलेक्टर ने किया स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,18 सितंबर।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आज से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024''का शुभारंभ कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में साफ सफाई एवं श्रमदान कर किया गया। इस दौरान श्री सोनी ने सफाई अभियान के पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों सहित बिहान समूह से जुड़े महिलाओं को स्वच्छता को अपनाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाया गया।

जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अपने कार्यालय में सप्ताह भर के भीतर सफाई करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद लोगों को आज विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी।



गौरतलब है की उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित रहेगा, जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दीप्ति गौते,संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे,एसडीएम अमित गुप्ता सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत न केवल जिला मुख्यालय बल्कि सभी विकासखंड कार्यालयों, अनुविभाग कार्यालयों सहित अन्य विविध कार्यालयों में साफ सफाई किया गया। इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों सहित ग्राम पंचायतों में श्रमदान एवं जागरूकता रैली, स्वच्छता शपथ सहित विविध अन्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या आमजन एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सोने का लॉकेट चुराने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 18 सितंबर।** प्रार्थी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 11.08.2024 को मेरी पुत्री जो कि अपने गले में सोने का 15 नग लगा हुआ लाकेट पहनी थी, जो कि टूट जाने पर घर के अंदर रख दी थी, जिसे कोई अज्ञात आरोपी रात में चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 603/2024 धारा 331(4),305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी खगेश कुमार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के घर से सोने का लॉकेट चोरी करना स्वीकार किया एवं उस लॉकेट को बेचकर उससे मिले पैसों को खर्च कर देना बताया। कि प्रकरण में आरोपी खगेश कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली आज दिनांक 16.09.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।





**सिमगा 18 सितंबर।** जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व दस लक्षण पर्युषण महापर्व आज समाप्त हुआ सिमगा जैन समाज की ओर से सभी देश वासियों से क्षमा मांगी। इस दस दिन के पर्व में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सुबह से भगवान जी का प्राक्छाल कर भगवान श्री को बेदी में विराजमान कर पूजन फिर अभिषेक इसके बाद शांति धारा के बाद आरती कर के तन और मन से तृप्त होके दिन की शुरुआत करते हैं आज पूरे सिमगा जैन समाज की ओर से पूरे देश वासियों से कहा गया अभी तक जो भी हम से गलती हुई हैं इसके लिये पुरे देश वासियों से दिल से क्षमा मांगते हैं।

### यातायात नियम नहीं मानने पर की चालकों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 16.09.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 28 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?8400 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?4800 समन वसूल किया गया है। दिनांक 16.09.2024 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 64 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?17,000 समन शुल्क वसूल किया गया है जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।



### गणेश पंडालों में दिन भर किया गया हवन

**छुरा 18 सितंबर।** ग्राम गिधनी में नीम चौक गणेश उत्सव समिति एवं शिव मन्दिर गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापना किया गया।जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम ग्यारह दिनों तक गणेश की पूजा-अर्चना के बाद पूजा पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई था।जिसका मंगलवार को गणेश पंडालों में हवन-पूजन पंडित के द्वारा संपन्न हुआ।विभिन्न समितियों ने हवन के बाद प्रसाद वितरण किया।कुछ जगहों पर भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किए।गणेश चतुर्थी से लेकर अब तक पूरा ग्रामीण क्षेत्र भक्ति के रस में डूबा रहा। पंडालों में प्रतिदिन भजन कीर्तन के साथ रामायण मंडलियों का भव्य आयोजन किया गया।मंगलवार को सुबह से ही गणपति बप्पा के हवन-पूजन का सिलसिला चलता रहा।इस मौके पर प्रमुख रुप से ग्राम के बैगा देवनाथ ठाकुर,बेदु ठाकुर,कामू ठाकुर,पुनितराम ठाकुर,गिरधारी ठाकुर,यशपाल ठाकुर यादराम ठाकुर,पुनित नेताम,नरोत्तम ठाकुर,नागेन्द्र ठाकुर,दीपक ठाकुर,रिंकु,बेनु,सहित समिति के सदस्य एवं एवं छोटे-छोटे बच्चे के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### खड़े वाहन से डीजल चोरी करने के मामले में 3 लोग गिरफ्तार



भखारा 18 सितंबर। भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम डोमा में स्तिथ गुरूदेव पेट्रोल पम्प के पास पुराना धमतरी रायपुर रोड में खड़ी हाईवा क्रमांक सी.जी 05 ए.पी 5474 से अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा डीजल टंकी के ताला को तोडकर करीबन 225 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया था जिसमें प्रार्थी टिकेश्वर साहू पिता पवन लाल साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम - डोमा की रिपोर्ट पर थाना भखारा ने अप0 क्र0 162/2024 धारा 303(2),3(5) बीएनएस.कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त विवेचना के दौरान थाना भखारा एवं सायबर सेल धमतरी की द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की मदद से रास्ते एवं पेट्रोल पम्प के सीसीटीव्ही के आधार पर एक टीयूव्ही वाहन से कुछ व्यक्ति के द्वारा डीजल निकालकर वाहन में फरार होने की फुटेज मिलने पर सीसीटीव्ही एवं तकनीकि जानकारी की मदद से ग्राम भरेंगाभाठा के दुकान के पास जय उलबही पेट्रोल पम्प के पास संदिग्ध परिस्थिति में खड़े टीयूव्ही महिन्द्रा 300 वाहन जिसके पीछे का नंबर प्लेट नही है जिनसे पुछताछ करने पर उक्त वाहन में सवार दो लोग भाग गये। तीन लोग पकडे गये।


**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक / / नि.आ.सू./ लो.नि.वि./न.पं./2024 चिखलाकसा, दिनांक 17/09/2024

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ'में प्रचलित एस.ओ. आर. में कम/अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्यों की संख्या | अनुमानित लागत (राशि रू. लाखों में) | निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत 14/15 वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 12 निर्माण कार्यो | 96.60 | 03.10.2024 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलकसा



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202409092200051**

विषय - अ-74 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
छीरपानी ( प.ह.न. 00024 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- परमेश्वरी देवी अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमेश्वरी देवी अग्रवाल पति स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल आयु 78 वर्ष सा. वार्ड नम्बर 10/12 गोल बाजार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छीरपानी प.ह.न. 24 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 220 में ख.न. 102/10 रकबा 0.065 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.065 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में परमेश्वरी अग्रवाल पति गोविन्दलाल जाति अग्रवाल सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
तहसील- डोंगरगढ़



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

Email ID-cmonppsaraipali@gmail.com

क्रं./686/न.पा.प./लो.नि.वि./2024-25 सरायपाली, दिनांक17/9/2024

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद् सरायपाली क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-A अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर | कार्य विवरण | अनु. लागत (रु.लाख मे) | अमानत राशि | समय सीमा | सक्षम श्रेणी | आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | जमा निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158 650 | Selection Placement Agency for supply of labour of different categories (Skilled and unskilled) | 71.15 | 53500.00 (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R./T.D.R. And Tender Fee of Rs. 3000/- Demand Draft) | 12 माह | समस्त श्रेणी | 08-10-2024 | 11-10-2024 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

टीप- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज एवं अमानत राशि रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् सरायपाली

## एक नजर

### पीसीओएस को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित रखना जरूरी

**रायपुर 18 सितंबर।** पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर को पीसीओएस जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट ने कहा भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। पीसीओएस के लक्षणों में अनियमित माहवारी, पुरुष हॉर्मोन का बढ़ना, ओवरी में सिस्ट, वजन बढ़ना, एक?ने, शरीर पर ज्यादा बाल आना और प्रजनन समस्याएं शामिल हैं। इन लक्षणों को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए जानी-मानी आहार विशेषज्ञ और वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी संतुलित और स्वच्छ आहार लेने की सलाह देती हैं। वे कहती हैं कि बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और साबुत अनाज जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ खाना जरूरी है, क्योंकि इससे शरीर को सही पोषण मिलता है और समग्र सेहत में सुधार होता है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का चयन करें- पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए दालें, साबुत अनाज, सीड्स और बादाम जैसे नट्स, जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, काफी फायदेमंद होते हैं। इनसे ब्लड शुगर के स्तर पर नियंत्रण रहता है और इंसुलिन के फास्टिंग स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

### इंडिया क्रेडिट की नई शाखा शुरू

**रायपुर18 सितंबर।** भारत के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कं. लि. ने वाशी, नवी मुंबई में अपनी 1000वीं शाखा खोलने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है। आधिकारिक अनावरण के अवसर पर मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत श्री यागी कोजी, महाराष्ट्र सर्किल में डाक सेवाओं (मुख्यालय) के निदेशक श्री अभिजीत बंसोडे और एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी श्री शांतनु मित्रा उपस्थित थे।

### तहसीलदार नीलमणि दुबे के विरुद्ध षड्यंत्र की निंदा

**रायपुर 18 सितंबर।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उपप्रांत अध्यक्ष लेखमणि पांडे, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा सहित पदाधिकारियो ने तहसीलदार नीलमणि दुबे पर अनावश्यक दबाव बनाकर प्रताड़ित करने के प्रयास की कटु शब्दों में निंदा की है। श्री दुबे कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष और बेदाग छवि के अधिकारी हैं। किसी भी दबाव में नहीं झुकने वाले तथा संघ के माध्यम से समस्याओं को बेबाक रखते रहते हैं, जिसके कारण से उन्हें अनावश्यक दबाव बनाकर परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। समाज शीघ्र ही मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल से मिलकर प्रताड़ित करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

### एसआई भर्ती की मांग को लेकर आमरण अनशन

**रायपुर 18 सितंबर ।** एसआई भर्ती के रिजल्ट की मांग के लिए अभ्यर्थियों द्वारा आमरण अनशन बैठने के साथ - साथ रक्तदान किया गया और आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि एसआई रिजल्ट की मांग मे आमरण अनशन का आज 9 वां दिन है । एसआइ अभ्यर्थी पूर्व सैनिक भीखम लाल साहू और जयमोहन प्रधान व महिला अभ्यर्थी श्रद्धा कर्ष के साथ 30 अन्य अभ्यर्थी तूता रायपुर मे आमरण अनशन मे बैठे हुए है । रिजल्ट और नियुक्ति की मांग के लिए एवं आमरण अनशन के समर्थन मे लगभग 800-1000 अभ्यर्थी तूता और राजधानी रायपुर मे अलग अलग कार्यक्रम कर रहे हैं । अभ्यर्थियों द्वारा आज मरीन ड्राइव रायपुर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे सैकड़ों की संख्या मे अभ्यर्थियों द्वारा साफ सफाई किया गया । बीते दि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर 55 अभ्यर्थियों द्वारा सुभाष स्टेडियम रायपुर के पास रक्तदान किया गया । सभी अभ्यर्थियों की सरकार और गृहमंत्री जी से एक ही मांग है कि जल्द से जल्द नियुक्ति तिथि सहित रिजल्ट जारी हो । गृह मंत्री मान. विजय शर्मा जी द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता मे भी बोला गया है कि दिये गये आश्वासन के समय सीमा मे रिजल्ट जारी किया जायेगा । अभ्यर्थियों को गृह मंत्री विजय शर्मा और सरकार पर पूरा भरोसा है । फैलियर स्टूडेंट्स के द्वारा भर्ती पर रोक या रद्द करने सम्बंधित लगायी गई सैकड़ों सिंगल और डबल बेंच की सारी याचिकाये मान. हाई कोर्ट द्वारा खारीज की जा चुकी है ।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**रायपुर, 18 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, रक्तदान मानव सेवा का एक माध्यम है । रक्तदान से न केवल जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में आपसी सहयोग और सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा कार्य है जिससे हर स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर योगदान दे सकता है। बृजमोहन अग्रवाल ने रक्तदाताओं का आभार जताया और 47वीं बार रक्तदान देने वाली शैलेंद्री परगनिया का अभिनंदन किया।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 20 लोगों से लाखों की ठगी

**रायपुर 18 सितंबर।** राजधानी रायपुर में नौकरी लगाने और ट्रांसफर कराने के नाम पर ठगी का सनसनीखेज़ मामला सामने आया है। आरोपी ने कुल 20 लोगों को अपने झांसे में लेकर 60 लाख 59 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगी की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। बता दें कि लोगों को सरकारी नौकरी का ख्वाब दिखाकर उनसे लाखों की ठगी को अंजाम देने वाले शातिर ठग का नाम केशव प्रसाद बंजारे है। राजेंद्र नगर थाना में पीड़ित संदीप कुमार बंजारे ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह बलौदा बाजार-भाठापारा जिले के पलारी का रहने वाला है। उसके मामा राजधानी रायपुर के महावीर नगर रायपुर में रहते है, जहां उसका आना-जाना लगा रहता है। अमलीडीह में रहने वाली उसके मामी की सहेली मीना बंजारे ने उसे बताया कि उन्होंने उसके पड़ोस में रहने वाले केशव प्रसाद बंजारे को ट्रांसफर करवाने के लिए डेढ़ लाख रुपये दिए हैं।

पीड़ित ने बताया कि मीना बंजारे ने उसके सामने यह दावा भी किया कि केशव की राजनीतिक पहुंच के कारण वह उसे जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली में चपरासी के पद पर नौकरी दिलवा सकता है। इसके लिए उसे सात लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित ने मीना की बात मानकर केशव से संपर्क किया। इस दौरान उसने पीड़ित संदीप को भरोसे में लेने के लिए महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन भी दिखाया, जिसे देखकर संदीप ने आवेदन भी भर दिया।

संदीप ने बताया कि उसकी मां राजधानी के नगर निगम में कार्यरत है, जिसने बेटे की नौकरी के लिए चार लाख रुपये लोन और अन्य लोगों से कर्ज लेकर सात लाख रुपये की व्यवस्था की थी, जिसे उसने केशव प्रसाद को दे दिया। पैसे लेने के बाद आरोपी ने संदीप को एक महीने के भीतर नौकरी लग जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद महीनेभर का समय बीत जाने के बावजूद जब नौकरी को लेकर कोई प्रक्रिया नहीं हुई तो संदीप ने केशव को फोन लगाया लेकिन उसने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उसने जब अन्य पीड़ितों से पता किया तोह उन्होंने भी ठगी की पुष्टि की। इसके बाद पीड़ित ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई।



रायपुर 18 सितंबर। श्रीजी वृंदावन सोसाइटी में गणेश चतुर्थी उत्साह के साथ मनाई गई। ग्यारह दिन के गणेश उत्सव में भजन, सुन्दरकांड , 56 भोग, महाआरती, श्लोक प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, अंताक्षरी, करओके,सभी आयुवर्ग के लिए विभिन्न खेल व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# अब रायपुर से अहमदाबाद के लिए रोजाना मिलेगी फ्लाइट

**रायपुर 18 सितंबर।** देश के हवाई यात्रियों को 1 अक्टूबर से अहमदाबाद के लिए रोजाना सीधी फ्लाइट की सौगात मिलेने वाली है. कंपनी ने शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग करनी अभी से शुरू कर दी है. अब तक अहमदाबाद-रायपुर-अहमदाबाद सेक्टर में सप्ताह में तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन किया जाता था. बजट एयरलाइन्स इंडिगो को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविशन से अहमदाबाद- रायपुर-अहमदाबाद सेक्टर में संचालित फ्लाइट के रोजाना संचालन की अनुमति मिल गई है. इसके साथ ही कंपनी ने प्रस्तावित शेड्यूल के साथ टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है. इस फ्लाइट से एक अक्टूबर को अहमदाबाद जाने और आने की टिकटें 4500-5000 रुपए में उपलब्ध हो रही है. त्योहारी सीजन के साथ इस फ्लाइट के नियमित संचालन से प्रदेश का गुजरात के साथ व्यापार बढ़ेगा. पिछले करीब तीन वर्षों से इस उड़ान का संचालन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही किया जाता था. यात्रियों की अच्छी डिमांड को देखते हुए अब कंपनी ने इसे नियमित चलाने का फैसला किया है.



बता दें कि इंडिगो स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली, लखनऊ, गोवा, हैदराबाद, भोपाल, बंगलुरू, भुवनेश्वर, प्रयागराज, जगदलपुर, इंदौर, कोच्चि, चेन्नई, पुणे और अहमदाबाद के लिए उड़ानों का संचालन कर रही है. सबसे ज्यादा एक दिन में ही चार उड़ानें दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में संचालित की जाती हैं।

# औरों के काम आने से ही जीवन पूर्ण होता है: मिश्र

**श्री वामनराव लाखे की 152वीं जयंती मनाई गई**

**रायपुर 18 सितंबर।** हीरापुर स्थित वामनराव लाखे स्कूल में श्री वामनराव लाखे की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हीरापुर में संचालित शासकीय स्कूलों के छात्रों के बीच प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। प्राचार्य श्रीमती मंजू साहू द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। श्रीमती मंजू साहू ने बताया कि श्री वामन राव लाखे जी का जन्म रायपुर शहर में 17 सितंबर 1872 में हुआ था। समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, अध्यक्ष, प्रबंध समिति, समाजसेवी, ने कार्यक्रम के उद्बोधन में बताया कि श्री वामन राव लाखे जी का जन्म बूढ़ापारा में हुआ था। उन्होंने देश की आजादी में अपनी सेवाएं दी। सहकारिता के क्षेत्र में सहकारिता संघ का निर्माण किया। सहकारिता की स्थापना किसानों के उद्धार के लिए की।



ताकि किसान, साहूकार के चक्कर में ना रहे। उनमें एक विशेषता यह रही है कि गरीबों व किसानों के लिए निशुल्क अपनी सेवाएं देते थे और लड़ते थे। छत्तीसगढ़ राज्य सबसे पहले उन्होंने सपना देखा। छत्तीसगढ़ मित्र नामक पत्रिका के संपादक रहे। माधव राव जी उनके साथ कार्य करते रहे। अंग्रेजों के खिलाफ देश को आजादी कैसे दिलाएंगे यह संदेश उन्होंने पत्रिका के माध्यम से लोगों और देश तक पहुंचाने का कार्य किया था। ऐसे महान व्यक्ति के जन्म के अवसर पर आज हम सब लोग उपस्थित हुए हैं। यहां पर जो हमारे अतिथि आए हैं मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि श्री वामनराव लाखे जी की 152वी जयंती आज हम सब यहां उपस्थित हुए हैं। आप इस मुद्दे पर ध्यान दीजिए की एक व्यक्ति का महत्व कितना होगा जिनकी 152 वीं जयंती मना रहे हैं । आपको मनुष्य का जीवन मिला है तो आप बहुत भाग्यशाली है, जब आप औरों के काम आएंगे तभी आपका जीवन पूरी तरीके से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि आप अपने लिए ही नहीं औरों तथा समाज के लिए भी जीएं। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी अभिनेता कलाकार प्रकाश अवस्थी ने बच्चों को बताया कि जब वह छोटे थे तब इंजीनियर बनना चाहते थे और उसके बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी में डी.ई.ओ. बनना चाहते थे लेकिन लास्ट में वह हीरो बन गए। उन्होंने कहा कि आपको जो भी बनना हो, तो आपके जीवन का जो भी लक्ष्य हो, उसको कम से कम दिन भर में 100 बार दोहराओ कि मुझे यह बनना है। इस समारोह में समाजसेवी, श्रीमती भारती यादव, प्राचार्य, श्री वामन राव लाखे उ. मा. शाला गांधी चैक, डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत लक्ष्मीनारायण दास महा., गांधी चौक, श्रीमती मंजू साहू, प्राचार्य, श्री वामन राव लाखे उ. मा. शाला, हीरापुर, विष्णु महोबिया, व्यवस्थापक, वामन राव लाखे स्कूल, श्रीमती आशारानी बोस, प्राचार्य, एस. पी. इंग्लिश मीडियम स्कूल, हीरापुर, सहित अन्य लोग मौजूद थे। दिलीप षडंगी , राम अवतार तिवारी, बृजेश चौबे उपस्थित थे।



### लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मनस्वी ने गोल्ड मेडल जीता

**रायपुर 18 सितंबर।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धा भिलाई मे सम्पन्न हुई जिसमें अंडर 19 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मनस्वीय सिंह ने सरगुजा ,बिलासपुर और दुर्ग जोन के प्रतियोगियों को हराकर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं सिल्ड प्राप्त कर रायपुर जोन को गौरवान्वित किया। इस पर मनस्वीय सिंह के शुभ चिंतको ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयॉ दी। यहॉ यह विदित हो मनस्वीय सिंह पिता पुलिस मुख्यालय में पदस्थ सहायक पुलिस महानिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं माता जबलपुर म.प्र. पुलिस अधीक्षक (अजाका) रेखा सिंह की पुत्री है।

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने अनूठे ढंग से मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर 18 सितंबर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने रायपुर के वृंदावन हॉल में अपना आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने की तथा उद्योगपति व समाजसेवी आनंद सिंघानिया , महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले तथा वरिष्ठ पत्रकार संजीव गुप्ता उक्त कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया ।

संस्था के संरक्षक अजय शर्मा एवम संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी सेवा संस्था ने रायपुर के वृंदावन÷ हाल में अपना आठवां स्थापना दिवस अनूठे ढंग से मनाया। इस आयोजन में आज शहर के ऐसे दानदाता परिवार सम्मानित हुए जिन्होंने दुख की घड़ी में अपने परिवार के सदस्यों के निधन पश्चात लोक कल्याण हेतू उनके पार्थिव देह को दान किया है , दूसरों को रोशनी देने परिवार के दिवंगत सदस्य का नेंत्रदान किया है साथ ही ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 50 से अधिक बार स्वयं रक्तदान किया है। शहर की ऐसी सामाजिक संस्थाओं व विशिष्ठ जन का भी सम्मान किया गया जिन्होने समाज सेवा के क्षेत्र में अपने कार्यो से उच्च आदर्श प्रतिमान स्थापित किये हैं। अपने संस्था द्वारा संचालित चिकित्सा उपकरण बैंक को सहयोग करने वालों को कुबेर सम्मान , गौ सेवा क्षेत्र में सेवा कार्य करने वालों गौ रत्न सम्मान तथा कृषि क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धि के लिए स्व डॉ मणिशंकर शर्मा की स्मृति में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जी एल शर्मा को कृषि रत्न सम्मान प्रदान किया गया इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बढ़ते कदम वृद्धाश्रम के बुर्जुगों , अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चों तथा घरौंदा दिव्यांग आश्रय स्थल के मानसिक दिव्यांग बच्चों एवं संस्था के सदस्यों व अन्य आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम रहा। कार्यकम का संचालन अमृतांशु शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था की सचिव ममता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संरक्षक अजय शर्मा, अध्यक्ष सुषमा त्तिवारी,चंद्रसेना दिवान ममता शर्मा, सीमा अग्रवाल, स्वाती सोनी, हेमलता नूरी,केशव सोनकर, केके कश्यप, सन्तोष साहू, बिहारी लाल शर्मा, डा.सूरज दिवांन, ,कमल कान्त, , सुमन कमलेश शर्मा, सीमा शर्मा, ममता बड़गैय्या,अनिता चौबे , राधिका सोनकर, लता साहू एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# किताबों को रद्दी में बेचने के मामले की जांच करने टीम गठित

रायपुर 18 सितंबर। सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल के गोदाम में रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रविवार शाम को भारी मात्रा में सरकारी स्कूली किताबों का भंडार बरामद किया था, जिन्हें छात्रों को बांटने की बजाए रद्दी में बेच दिया गया था. मामले में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताए जाने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा की अगुवाई में पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया है. जिसमे पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय पूर्व विधायक अनीता शर्मा उधो वर्मा जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन प्रवक्ता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजेन्द्र पप्पू बंजारे पूर्व प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को जांच दल का सदस्य बनाया गया है। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने बताया कि रियल बोर्ड पेपर मिल के गोदाम में किताबों की विकास उपाध्याय ने जांच की तो पाया की किताबें इसी सत्र की हैं, और अभी भी पूरी तरीके से अच्छी कंडीशन में है. सत्र शुरू हुए अभी कुछ ही महीना हुआ है, और छात्रों को किताबें मिल नहीं पाई है. किताबों को बांटने के पहले कबाड़ में भेज दिया गया है. इन किताबों को उपयोग में लाया जा सकता है, लेकिन इन्हें रद्दी बताकर बेचा जा चुका है. पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता सरस्वती का ऐसा अपमान पहले कभी नहीं देखा गया!. ये वही किताबें हैं जो सरकार द्वारा छात्रों को मुफ्त वितरण के लिए खरीदी गई थीं. सरकार ने किताबें खरीदीं, लेकिन उन्हें छात्रों तक पहुंचाने के बजाय कबाड़ में बेच दिया।

# राजधानी में 19 सितंबर को निकलेगी झांकी

**रायपुर 18 सितंबर।** राजधानी रायपुर में 19 सितंबर को गणेश विसर्जन की झांकी निकलेगी। इसके लिए ट्रैफिक रूट जारी किया गया है। हालांकि छ्छ धुमाल पर अब भी असमंजस बरकरार है। वहीं मंगलवार को 1 बजे तक 2200 से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है। 17 सितम्बर से लेकर 23 सितम्बर तक रायपुर की 10 हजार से अधिक छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। रायपुर के खारुन तट पर विसर्जन कुंड भी बनाए गए हैं। बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के लिए क्रेन लगाई गई है। साथ ही कुंड के पास आरती के लिए भी व्यवस्था की गई है, जहां अंतिम आरती के बाद भक्त बप्पा को विदाई दे रहे हैं।

जिन वाहनों को बलौदाबाजार मार्ग से बिलासपुर की ओर या महासमुंद की ओर आना होगा, वे रिंग रोड़ 3 से होकर आएंगे। भिलाई की ओर से आने वाले सभी छोटे वाहन आश्रम तिराहा तक ही आ सकेंगे। जिन वाहन चालकों को शास्त्री चौक की ओर आना है, वे रिंग रोड 01 से होकर रायपुरा चौक, पचपेढ़ी नाका होकर आना-जाना कर सकते हैं।

धमतरी की ओर से आने वाले छोटे वाहन कालीबाड़ी चौक, महिला थाना चौक, शास्त्री चौक से होकर रेलवे स्टेशन या बिलासपुर रोड जा सकेंगे। रात 8 बजे से शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक से शारदा चौक, मौदहापारा से जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कालीबाड़ी चौक से कोतवाली चौक, फायर बिग्रेड चौक से कोतवाली चौक की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।सदर बाजार, सत्ती बाजार चौक से अमीन पारा चौक (पुरानी बस्ती थाना), पुरानी बस्ती मार्ग, आश्रम तिराहा से लाखेनगर चौक, आमापारा तिराहा से लाखेनगर चौक की ओर रात 10 बजे से सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रायपुर नगर निगम की ओर से विसर्जन कुंड में बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। 7 बड़े क्रेन कुंड के चारों ओर लगाए गए है। गणेश समिति और लोगों को दिक्कत ना हो इसके लिए निगम की ओर से 30 - 30 की संख्या 2 गोताखोर की टीम तैनात की गई है। जिला प्रशासन की ओर से 8-8 घंटे की तीन पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जोन वार ड्यूटी लगायी गई है। जिसमें क्रेन, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, फर्स्ट एड मेडिकल टीम, नगर निगम सहित गृह विभाग, होम गार्ड, सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारी और अधिकरियों की तैनात किया गया है।

महादेव घाट विसर्जन स्थल से प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी महादेव घाट तिराहा से एनीकट मार्ग, भाठागांव चौक और रिंग रोड-1 से होकर होगी। शहर में भारी वाहनों को एंट्री बैन रहेगी। गुरुवार और शुक्रवार को विसर्जन के दौरान सभी तरह के माल वाहक वाहनों को रायपुरा चौक से रोक दिया जाएगा। जिन्हें अमलेश्वर से रायपुर की ओर आना है, वो अमलेश्वर-कुम्हारी-टाटीबंध होकर या खुड़मुड़ा-भाठागांव होकर आ सकते हैं।

# विसर्जन झांकी रूट के जर्जर भवनों पर लगा नोटिस

**रायपुर 18 सितंबर।** राजधानी रायपुर में 19 एवं 20 सितम्बर की दरम्यानी रात्रि को निकलने वाली श्री गणेश मूर्ति विसर्जन झांकी के निर्धारित रूट में स्थित सभी जर्जर भवनों के मालिकों को जर्जर भवन को हटाने अथवा मरम्मत करने का नोटिस निगम ने जारी किया है. इसके साथ ही आम लोगों को ऐसे भवनों से दूर रहने के लिए इन सभी जर्जर भवनों में नोटिस लगाया गया है रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा एवं सम्बंधित जोन कमिश्नरों की जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किया गया है, साथ ही आम लोगों की सूचना के लिए जर्जर भवनों में सूचना लगाई गई है. सबसे अधिक 24 जर्जर मकान जोन-4 में घोषित किए गए हैं. बता दें कि 19 और 20 सितंबर को राजधानी रायपुर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. इसके लिए पुलिस ने रोड मैप जारी किया है. इसके साथ ही रात 8 बजे से शहर के कई चौक-चौराहों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा. इसमें शास्त्री चौक से जय स्तंभ चौक, तत्यापारा चौक से शारदा चौक में रात से ही आवागमन प्रतिबंधित रहेगा. लोग बलौदाबाजार मार्ग से बिलासपुर या महासमुंद की ओर रिंग रोड 3 से होकर जा सकेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26